(iv) Thirty-second Report on the subject 'Voluntary Organisations Engaged in Implementing Integrated Programme for Welfare of Older Persons' pertaining to the Ministry of Social Justice and Empowerment for the year 2007-2008.

REPORT OF DEPARTMENT RELATED PARLIAMENTARY STANDING COMMITTEE ON URBAN DEVELOPMENT

श्री कृष्ण लाल वाल्मीकि (राजस्थान) : महोदय, मैं 2007-2008 के वर्ष के लिए शहरी विकास मंत्रालय की "मुद्रण निदेशालय" से संबंधित समिति के बाइसवें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई के संबंध में विभाग संबंधित शहरी विकास संबंधी संसदीय स्थायी समिति के अट्ठाइसवें प्रतिवेदन की एक प्रति (अंग्रेज़ी और हिन्दी में) सभा पटल पर रखता हूं।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, further discussion on Motion of Thanks on President's Address.

MOTION OF THANKS ON PRESIDENT'S ADDRESS—(Contd.)

प्रो. राम देव भंडारी (बिहार) : माननीय उपसभापति जी, मैं आपके प्रति आभार व्यक्त करता हूं कि आपने मुझे इस महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर दिया है। उपसभापति जी, मैं देश की प्रथम महिला राष्ट्रपति द्वारा संसद के संयुक्त अधिवेशन में दिए गए प्रथम अभिभाषण पर माननीय सदस्य श्री जनार्दन द्विवेदी द्वारा प्रस्तुत कृतज्ञता दर्शाने वाले धन्यवाद प्रस्ताव का, अपनी पार्टी की ओर से समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं।

उपसभापति जी, यह भारतीय जनता के लिए गौरव और सम्मान की बात है कि आज देश के सर्वोच्च पद पर नारी शक्ति की प्रतीक, एक सम्मानित महिला विराजमान हैं। मैं उनके प्रति अपने दल की ओर से हार्दिक कृतज्ञता प्रकट करता हूं।

उपसभापति जी, महामहिम राष्ट्रपति जी ने अपने सारगर्भित अभिभाषण के 58 पैराग्राफ में सरकार की नीतियों का, सरकार के कार्यक्रमों का और सरकार की उपलब्धियों का जिक्र किया है। मैं उनमें से देश की आम जनता से जुड़ी कुछ बुनियादी समस्याओं - रोज़ी-रोटी, कपड़ा, मकान, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि से जुड़े महत्वपूर्ण सवालों पर अपने विचार रखना चाहूंगा। यह खेद की बात है कि आज़ादी के 60 सालों के बाद भी इन सवालों को हम हल नहीं कर पाए हैं, आज भी ये सवाल हमारे सामने सिर उठाकर खड़े हैं।

उपसभापति महोदय, राष्ट्रपति महोदया ने देश की आर्थिक प्रगति पर संतोष व्यक्त किया है। उन्होंने आर्थिक विकास की इस प्रक्रिया को सामाजिक रूप से समावेशी और क्षेत्रीय रूप से संतुलित होने की बात कही है। उनके भाषण में सरकार द्वारा समावेशी विकास, Inter-Conclusive Growth का आवश्यक ढांचा तैयार करने की बात कही गई है। अभिभाषण के पैराग्राफ 2 में ही उन्होंने सरकार के अनेक कार्यक्रमों की चर्चा की है — भारत निर्माण, राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम, सर्वशिक्षा अभियान, मध्याह्न भोजन कार्यक्रम, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, पंचायती राज संस्थाओं को सुदृढ़ बनाने का प्रयास और सूचना का अधिकार अधिनियम जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर संसद का ध्यान आकृष्ट किया है। महोदय, देश के ग्रामीण क्षेत्र, जहां तकरीबन तीन-चौथाई आबादी रहती है, उनकी अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने वाली सरकारी नीतियों का भी उन्होंने उल्लेख किया है।

माननीय राष्ट्रपति जी ने भारतीय अर्थव्यवस्था में पिछले 4 वर्षों में 9 प्रतिशत की दर से विकास होने की बात कही है। अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होना और विकास की दर बढ़ना, ये देश की प्रगति के अच्छे लक्षण हैं, परन्तु हमें यह देखना होगा कि विकास की इस दर का लाभ कहां जा रहा है, पूरे देश में जा रहा है या कुछ सीमित लोगों तक या कुछ सीमित क्षेत्रों में इसका लाभ जा रहा है? क्या इसका लाभ ग्रामीण भारत तक पहुंच रहा है,

जहां देश की दो-तिहाई आबादी रहती है? क्या गांवों में खुशहाली आई है? क्या उनको काम मिल रहा है, उनके पेट भरे हैं, तन ढकने के लिए उनके बदन पर कपड़े हैं, उनके सिर पर कोई छत है, उनके बच्चे स्कूल जा रहे हैं, स्वास्थ्य केन्द्र पर इनका इलाज हो रहा है, पीने का शुद्ध पानी मिल रहा है, क्या उनके घर में शौचालय हैं या आज भी महिलाओं को सड़क किनारे शौच के लिए जाना पड़ता है? मान्यवर, आज भी बिहार, उत्तर प्रदेश जैसे पिछड़े राज्यों से रोजी-रोटी की तलाश में बड़ी संख्या में लोग गांव छोड़कर शहरों की ओर जा रहे हैं, क्योंकि गांव में उन्हें काम नहीं मिल रहा है और मजबूरी में उन्हें पलायन करके शहरों में जाना पड़ता है।

मान्यवर, सरकार ने राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम पारित कर ग्रामीण क्षेत्र में एक परिवार के एक व्यक्ति को वर्ष में सौ दिन काम देने की गारंटी दी है। महोदय, मैं सरकार को इस अधिनियम के लिए बधाई देता हूँ। माननीय ग्रामीण विकास मंत्री जी को भी बधाई देता हूँ। महोदय, साल में 365 दिन होते हैं, एक परिवार में कम से कम पांच सदस्य जरूर होते हैं, क्या यह सौ दिन का रोजगार देने से ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी खत्म हो जाएगी? मैं यह जवाब जानना चाहता हूँ। सरकार ने अप्रैल, 2008 से देश के सभी ग्रामीण जिलों तक इसे लागू करने का निर्णय लिया है।

महोदय, इस योजना के कार्यान्वयन पर संसद में लगातार सवाल होते रहते हैं। इस योजना का, इस महत्वपूर्ण योजना का कार्यान्वयन कैसे हो रहा है, इसका जो उद्देश्य था, इसका जो लक्ष्य था, क्या उसकी पूर्ति हो रही है, क्या राज्य सरकारें इस योजना को सही ढंग से लागू कर रही हैं? ये सवाल हैं जो लगातार संसद में उठते रहते हैं। महोदय, कई राज्यों से शिकायतें आ रही हैं कि वे कार्यक्रम को सही रूप में लागू नहीं कर रही हैं। कई तरह की अनियमितताएं हो रही हैं। एक तो रजिस्ट्रेशन नहीं होते हैं, अगर रजिस्ट्रेशन हो भी जाए तो जॉब कार्ड नहीं मिलते और अगर जॉब कार्ड मिल भी जाता है तो जॉब नहीं मिलता। इस महत्वपूर्ण योजना के लाभ का जहां तक सवाल उठता है, वह ग्रामीण लोगों तक नहीं पहुंचता है। इतना ही नहीं, गरीबों के लिए जो सुविधा सरकार ने उपलब्ध कराई है, उस सुविधा का भी गलत इस्तेमाल हो रहा है, गलत लोग उस सुविधा का उपभोग कर रहे हैं।

महोदय, एक अच्छे कार्यक्रम का लाभ अगर गरीब मजदूरों तक पहुंचाना है तो इसके दुरुपयोग को रोकना होगा, इसमें पारदर्शिता लानी होगी। जिस प्रकार कई राज्यों में इसका क्रियान्वयन सही ढंग से नहीं हो रहा है, ऐसी स्थिति में सैंटर से भी एक मोनिटरिंग व्यवस्था लागू करनी पड़ेगी। वैसे राज्य सरकारों की यह जवाबदेही होती है कि उसको सही ढंग से लागू करे। बिहार में भी ऐसे सवाल उठे हैं, बिहार में भी इस योजना को ठीक से लागू नहीं किया जा रहा है। मैं बिहार के मुख्य मंत्री जी को आपके द्वारा अनुरोध करना चाहूंगा कि इस योजना को, जो गरीबों की योजना है, जो ग्रामीण क्षेत्रों की योजना है, ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार देने की योजना है, सही ढंग से लागू करे।

महोदय, दूसरी बात जो मैं कहना चाहूंगा, वह किसानों से संबंधित है। किसान इस देश के अन्न दाता है। किसान कड़ी धूप में, बरसात में, जाड़े में अपना खून-पसीना बहा करके खेतों में काम करते हैं और देश का पेट भरते है। इस देश में ग्रीन रिज्योलेशन हुआ, हरित क्रांति आई और हरित क्रांति ने अनाज के क्षेत्र में देश को स्वावलंबी बनाया।

महोदय, स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री, पूर्व प्रधान मंत्री ने नारा दिया था - "जय जवान, जय किसान"। "जय जवान जय किसान" का नारा इसलिए उन्होंने दिया था कि जहां जवान सीमा पर देश की रक्षा करते हैं, वहां किसान खेतों में उत्पादन करके देश की रक्षा करते हैं।

महोदय, इस अभिभाषण में किसान से संबंधित भी कई बातें कही गई हैं। महोदय, पैराग्राफ 8 में कृषि ऋण की चर्चा हुई है। राष्ट्रीय साझा न्यूनतम कार्यक्रम में कृषि ऋण को तीन वर्षों में दोगुना करने के तय लक्ष्य को काफी पीछे छोड़ा जा चुका है। तीन वर्षों में जो लक्ष्य था कृषि ऋण को दोगुना करने का, सरकार का इस अभिभाषण के द्वारा कहना है कि उसको काफी पीछे छोड़ा जा चुका है। क्या यह कृषि ऋण देश के अधिकांश लोगों तक बैंकों के माध्यम से पहुंच रहा है? महोदय, मेरी जानकारी के अनुसार अभी भी अधिकांश किसानों

को सेठ-साहूकारों से ऋण लेना पड़ता है। बगल में बैठे हुए येचुरी साहब को आंकड़े याद रहते हैं, जहां तक मुझे याद है कि 36 परसेंट किसानों को ही बैंकों के द्वारा ऋण उपलब्ध होता है। महोदय, किसानों पर जो कर्ज़ा था, सरकार ने 60 हज़ार करोड़ का कर्ज़ा माफ किया है। यह बहुत अच्छी बात है। इस देश का किसान आत्महत्या कर रहा था, अभी भी वह सिलसिला खत्म नहीं हुआ है। हज़ारों किसानों ने आत्महत्या की है, वे कर्ज़ में डूबे, उनकी फसल बरबाद हुई, वे ऋण नहीं चुका पाए और उन्होंने आत्महत्या की। किसानों को 60 हज़ार करोड़ की कर्ज़ माफी से सरकार ने एक बहुत बड़ा काम किया है। बड़ी संख्या में ऐसे किसान हैं, जिन किसानों ने सेठ-साहूकारों से कर्ज़ लिया है, उनके बारे में सरकार क्या सोच रही है? वे अपना कर्ज़ा कैसे अदा करेंगे, यह प्रश्न मैं सरकार के समक्ष रखता हूं।

महोदय, सिर्फ चालीस प्रतिशत ऐसे कृषि क्षेत्र हैं, जहां सिंचाई उपलब्ध है। मैं बिहार से आता हूं। जब भी बरसात का मौसम आता है, तो बिहार की चर्चा यहां होती है। इसलिए होती है कि बिहार में भयंकर बाढ़ आती है। बाढ़ नेपाल की नदियों से आती है। जब बाढ़ आती है, तो खेत-खलिहान, घर--बार, जान--माल का भारी नुकसान होता है। हज़ारों करोड़ रुपयों का नुकसान हर वर्ष होता है। नेपाल से बात कर रहे हैं, बरसों से बात कर रहे हैं। इस सरकार ही नहीं, पहले की सरकारों ने भी बात की है, लेकिन अभी तक कोई रिज़ल्ट नहीं आया है। नेपाल में डैम बनाने की बात हो रही है। बिहार के लगभग बीस-बाईस जिले बाढ़ से प्रभावित होते हैं। ऐसी स्थिति में किसानों का जो नुकसान होता है, सरकार को नुकसान भरपाई करनी चाहिये। किसानों के लिए फसल बीमा की व्यवस्था करनी होगी। उनका नुकसान होता है, तो उनके लिए बीमा का प्रबंध करें। महोदय, बाढ़ प्रबंधन की जो स्थिति है, वह भी हम ठीक से नहीं कर पाए हैं। हज़ारों किलोमीटर में बांध बनाए हुए हैं बिहार में, वे बांध कमज़ोर हो गए हैं, यह स्थिति है कि कंट्रीसाइड नीचा हो गया है और रिवरसाइड ऊंचा हो गया है। थोड़ा सा भी पानी अगर आता है, तो बाढ़ आ जाती है और सब कुछ बहा कर ले जाती है।

महोदय, मैं सिंचाई के बारे में, सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहूंगा। किसान को जब तक पानी नहीं मिलेगा, किसान को अच्छा बीज नहीं मिलेगा और सबसे बड़ी बात है कि जब तक किसान को अपने प्रोडक्ट की अच्छी वैल्यू नहीं मिलेगी, उपज का अच्छा मूल्य नहीं मिलेगा, तब तक किसान की यही स्थिति जारी रहेगी। डिस्ट्रेस सेल होती है, किसान डिस्ट्रेस सेल करते हैं। मिनिमम सपोर्ट प्राइस सरकार देती हैं - वैसे इस सरकार ने मिनिमम सपोर्ट प्राइस बढ़ाने का प्रयास किया है, लेकिन वह भी बहुत कम है। हम बाहर के देशों से ज्यादा पैसा देकर अनाज मंगा सकते हैं तो हम अपने किसानों को ज्यादा पैसा क्यों नहीं दे सकते? क्यों हमारे किसानों को आत्महत्या करनी पड़ती है? महोदय, किसानों की ऋण माफी के लिए सरकार ने जो प्रयास किया है, फाइनेंस मिनिस्टर के माध्यम से जो कुछ बजट में कहा गया है, वह स्वागत योग्य है, सराहनीय है, लेकिन सिर्फ इतने से ही किसान सुखी नहीं होगा, उसके लिए और भी बहुत कुछ करने की आवश्यकता है। महोदय, मैं स्वयं-सहायता समूह के बारे में चर्चा करना चाहता हूं जो पैराग्राफ - 9 में है। उसमें कहा गया है कि "स्वर्णजयंती ग्राम स्वरोजगार योजना के अंतर्गत पांच लाख से अधिक स्वयं-सहायता समूहों की मदद की जा रही है, स्वरोजगारियों में 52 प्रतिशत महिलाएं हैं।" महोदय, सरकार ने इस कार्यक्रम के माध्यम से देश की महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने की दिशा में एक अच्छा प्रयास किया है। महिलाएं इस देश की बहुत बड़ी ताकत हैं, हम उन्हें नारी शक्ति, स्त्री शक्ति, झांसी की रानी तथा अन्य कई महत्वपूर्ण सम्मानित शब्दों से प्रशंसा करते हैं। हमारा समाज अभी भी पुरुष प्रधान है। समाज में जो बराबरी या समानता की बात होनी चाहिए, वह नहीं है। दहेज के लिए हत्याएं हो रही हैं, अभी भी उनके साथ बलात्कार हो रहे हैं, दूसरी तरह के अनेकों अपराध हो रहे हैं। अभी भी वे स्वावलम्बी नहीं हैं, उन्हें अपने पति पर निर्भर रहना पड़ता है। इस दिशा में जो स्वर्णजयंती ग्राम स्वरोजगार योजना है, इसके माध्यम से महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम सरकार ने उठाया है।

महोदय, अब मैं अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों के बारे में चर्चा करना चाहता हूं। महोदय, राष्ट्रपति जी ने पैराग्राफ - 13 के द्वारा शिक्षा में पहुंच को बढ़ाकर अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के सशक्तीकरण पर अत्यधिक जोर दिया है।

छात्रवृत्तियों के लिए अनुसूचित जातियों के लगभग 30 लाख बच्चों को लगभग 900 करोड़ रुपए की राशि तथा 10 लाख से अधिक जनजातीय बच्चों को 225 करोड़ से अधिक की राशि बजट में दी गयी है। राजीव गांधी राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति और अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के छात्रों की विशेष कोचिंग संबंधी स्कीमों को सक्रियता से क्रियान्वित किया जा रहा है। महोदय, संविधान में अनुसूचित जाति को 15 प्रतिशत और अनुसूचित जनजाति को साढ़े सात प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। अन्य पिछड़े वर्गों के लिए भी आरक्षण का प्रावधान है, लेकिन अभी भी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ वर्ग के लोगों को आरक्षण कानून का जो लाभ मिलना चाहिए, वह नहीं मिल रहा है। नौकरियों में आरक्षण मिला है, लेकिन तीसरी और चौथी श्रेणी की जो नौकरियां हैं, केवल उनमें आरक्षण को पूरा करने का प्रयास किया गया है, पहली और द्वितीय श्रेणी की जो नौकरियां हैं - खासकर पहली श्रेणी की जो नौकरियां हैं, उनमें अभी भी वैकेंसी होती है, बैक–लॉग है, कहते हैं कि योग्य उम्मीदवार नहीं मिल रहा है इसलिए हम उसे भर नहीं पाते हैं। महोदय, मैं रेल बजट पर तो नहीं बोल रहा हूं, लेकिन फिर भी मैं रेल मंत्री जी की प्रशंसा करना चाहता हूं कि उन्होंने रेल विभाग में अनुसूचित जाति और जनजाति की जो वैकेंसीज़ थी, 99 प्रतिशत वैकेंसीज़ को उन्होंने भर दिया है।

महोदय, मैं पैराग्राफ-15 के माध्यम से असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के बारे में कुछ कहना चाहूंगा। महोदय, उन्हें सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए असंगठित सैक्टर सामाजिक सुरक्षा विधेयक, 2007 प्रस्तुत किया गया है। महोदय, जितने भी मजदूर हैं उनमें 90 प्रतिशत से अधिक असंगठित क्षेत्र के मजदूर हैं। हम संसद के अंदर उनकी लड़ाई लड़ते हैं और संसद के बाहर भी उनके लिए लड़ाई लड़ते हैं। उनके लिए कोई ऐसा विधेयक नहीं था जिसके माध्यम से वे अपने अधिकारों की रक्षा कर सकें। इस दिशा में असंगठित सैक्टर सामाजिक सुरक्षा विधेयक, 2007 प्रस्तुत किया गया है, मैं इसका स्वागत करता हूं और आशा करता हूं कि इस विधेयक के पारित होने के बाद एक मजबूत कवच उनको मिलेगा और उस कवच के माध्यम से उनके अधिकारों की रक्षा हो सकेगी। महोदय, और भी उनके लिए कार्यक्रम बनाए गए हैं, जिसमें राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना कार्यक्रम है, आम आदमी बीमा योजना कार्यक्रम है, गरीबी रेखा के नीचे तथा 65 वर्ष से ऊपर के व्यक्तियों को 200 रुपए प्रति माह पेंशन देने के लिए इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन स्कीम प्रारंभ की गई है। महोदय, राष्ट्रीय निम्नतम स्तर की न्यूनतम मजदूरी को भी 66 रुपए से बढ़ाकर 80 रुपए प्रतिदिन कर दिया गया है, श्रमिकों को बोनस की अदायगी की पात्रता सीमा को 3500 रुपए से बढ़ाकर 10000 रुपए प्रतिमाह कर दिया गया है। भवन-निर्माण ठेकेदारों द्वारा नियुक्त श्रमिकों को भी बोनस के भुगतान के लिए पात्र बनाया गया है। महोदय, दिल्ली में तथा बड़े-बड़े शहरों में हजारों लोग, बल्कि लाखों की संख्या में भवन निर्माण से जुड़े हुए मजदूर हैं। महोदय, भवन निर्माण से जुड़े हुए जो मजदूर होते हैं, उनकी रोजगार की कोई गारंटी नहीं होती है। उन्हें जो मजदूरी मिलती हैं उनकी भी कोई गारंटी नहीं होती है और न कोई सीमा होती है। अगर किसी कारण से भवन निर्माण के क्रम में कोई दुर्घटना हो जाती है तो संबंधित ठेकेदार, उस मजदूर की तत्काल कुछ सहायता तो कर देता है, मगर उसके बाद उसकी कोई सहायता नहीं करता। बिहार के काफी लोग इस काम में लगे हुए हैं। ऐसे मजदूरों के लिए, जिनको हम असंगठित क्षेत्र के मजदूर कहते हैं, मैं समझता हूं कि इस कानून के माध्यम से उनको अधिकार मिलेगा और वे अपने अधिकार की रक्षा करेंगे।

महोदय, मैं पैराग्राफ-16 के माध्यम से भूमि से विस्थापित लोगों की चिरकालिक समस्याओं का समाधान, राष्ट्रीय पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन नीति के लागू करने के बारे में कहना चाहूंगा। महोदय, सेज की बहुत चर्चा है। सेज के लिए हम किसानों से हजारों एकड़ जमीन ले रहे हैं। किसान देना नहीं चाहता, क्योंकि उसके पास जमीन के अलावा कुछ है नहीं। उससे जबर्दस्ती जमीन छीन ली जाती है। वैसे भी जो खेती का एरिया है, वह धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। किसान के पास जमीन के अलावा आमदनी का अन्य कोई स्रोत नहीं होता है। उसकी जमीन ले लेते हैं, सही मुआवजा नहीं देते, जमीन के बदले में काम नहीं देते। जो कंपसेशन देते हैं, वह बहुत कम होता है और कम्पंसेसन बढ़ाने के मामले को अगर वह कोर्ट में ले जाता है तो उसी में उसका पैसा खर्च हो जाता है उसके हाथ कुछ नहीं लगता है। महोदय, बहुत पुराना कानून था, उसमें सुधार की आवश्यकता थी। सरकार द्वारा यह पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन विधेयक, 2007 और भूमि अर्जन (संशोधन) विधेयक, 2007 संसद में पेश किया जा चुका है। यह स्टेंडिंग कमेटी में है। महोदय, इस

विधेयक को शीघ्र पारित करना चाहिए, क्योंकि किसानों की रक्षा के लिए, किसानों को सही मुआवज़ा मिले तथा इसके लिए यह आवश्यक है। भूमि अर्जन के संबंध में जो पुराना विधेयक है वह आज के समय में किसानों के लिए किसी काम का नहीं है। इसलिए इस विधेयक को शीघ्र पारित करना चाहिए। महोदय, इसलिए इस विधेयक को शीघ्र पारित करना चाहिए..।

श्री उपसभापति : भंडारी जी, आपकी पार्टी का समय..।

प्रो. राम देव भंडारी : महोदय, मैं इस साल रिटायर हो रहा हूं।

श्री उपसभापति : मुझे उसकी जानकारी है, लेकिन मैं आपको रिमाइंड करा रहा हूं। मुश्किल यह है कि कल तीन बजे रिप्लाई है और अभी तीस, पैंतीस सदस्य बोलने वाले हैं। आप जल्दी से समाप्त करने की कोशिश कीजिए।

प्रो. राम देव भंडारी : सर, मैं इसकी कोशिश करता हूं। ...**(व्यवधान)**...

श्री राजनीति प्रसाद (बिहार): सर, उनको थोड़ा और बोलने दीजिए।

श्री उपसभापति : आप तो रिकमंड कर रहे हैं, मगर मेरे पास समय नहीं है।

प्रो. राम देव भंडारी : महोदय, मैं इसको शीघ्र समाप्त करने की कोशिश करता हूं। महोदय, पैराग्राफ 17 में पंचायती राज के संबंध में राष्ट्रपति महोदया ने चर्चा की है। महोदय, जनता के हाथ में अधिकार हो, जनता अपनी समस्याओं का फैसला स्वयं करे, इसके लिए पंचायती राज व्यवस्था बनायी गयी है। सरकार के द्वारा जो कार्यक्रम बनाये जाते हैं, उन कार्यक्रमों को पंचायती राज व्यवस्था के माध्यम से लागू किया जाता है। हम प्रयास कर रहे हैं, मगर यह ठीक से लागू नहीं हो रहा है। एक तो उनके पास उतनी शक्ति नहीं है, जो शक्ति है, वे प्रखंड विकास अधिकारी, जिला कलेक्टर,एसडीओ होतें हैं, उन्होंने इसकी शक्ति अपने पास हथिया ली है। ये मुखिया या प्रधान है, उसको अपने आसपास घुमाते रहते हैं। जब भी उनका मन होता है, वे पेपर्स पर उनके दस्तखत करवा लेते हैं। ग्रामीण पंचायती राज व्यवस्था का जो लक्ष्य है, जो उद्देश्य है, उस लक्ष्य को पूरा करना होगा। हम सत्ता का विकेन्द्रीयकरण करना चाहते हैं, और विकेन्द्रीयकरण करके जब तक हम पंचायती राज व्यवस्था को सुदृढ़ नहीं करेंगे, उनके माध्यम से हम जनता के अधिकारों की रक्षा नहीं करेंगे, तब तक इस व्यवस्था का जो लक्ष्य है, वह लक्ष्य पूरा नहीं होगा।

महोदय, मैं पैराग्राफ 20 के बारे में चर्चा कर रहा हूं, इसमें महिलाओं के सशक्तिकरण के बारे में कहा गया है। जैसा कि मैंने शुरू में कहा कि समाज में महिलाओं का बराबर योगदान है। महिलाओं के लिए समानता की पूर्ण कानूनी व्यवस्था करने की आवश्यकता है।

महोदय, यूपीए सरकार ने देश को एक महिला राष्ट्रपति दी है। अभी भी देश में महिलाओं के प्रति भेदभाव है और उसे समाप्त करने की आवश्यकता है। भ्रूण हत्या होती है, एक मशीन चली है, जिससे गर्भ की स्थिति में ही लिंग का पता चल जाता है कि यह कन्या है या बालक है। जब यह पता लग जाता है कि गर्भ में कन्या है, तो उसकी वहीं भ्रूण हत्या होती है। आज पुरुष और महिला का अनुपात है, वह चौड़ा होता जा रहा है।...**(व्यवधान)**...

श्री रुद्रनारायण पाणि (उड़ीसा): महिला आरक्षण विधेयक के बारे में भी बोलिए। **(व्यवधान)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: It is not an issue...*(Interruptions)*. आप बैठ जाइये। आप बैठ जाइये। आप अपनी बात कहिए। ...**(व्यवधान)**...

प्रो0 राम देव भंडारी : महोदय, मैं अपनी बात और इनकी बात, दोनों बात कहूंगा। मेरी पार्टी महिला आरक्षण के लिए इनसे ज्यादा समर्पित है। मगर मेरी एक बात है। इस देश में जो अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़े वर्ग, अल्पसंख्यक समाज के लोग हैं, उनका अभी भी समाज की मुख्यधारा में बहुत कम प्रतिनिधित्व है। महिला आरक्षण का प्रतिशत बढ़ा दीजिए, इस पर हमें ऐतराज नहीं है, मगर उसमें अनुसूचित जाति,

अनुसूचित जनजाति, पिछड़े वर्ग और अल्पसंख्यक वर्ग के लिए अलग से आरक्षण का प्रावधान कर दीजिए, इस आरक्षण के लिए हमारी पार्टी समर्पित है, मजबूती से समर्पित है। महोदय, मैं उस आरक्षण की बात भी करना चाहता हूं, जो उच्च शिक्षा में आरक्षण देने की है। सरकार ने हायर एजुकेशन में आरक्षण देने का बिल पारित किया है। इस देश में बहुत से ऐसे लोग हैं, सरकार अगर कोई क्रांतिकारी कदम उठाती है, तो उसको रोकने के लिए कोर्ट का सहारा लेते हैं। हमें अपनी जुडिशरी में पूरा विश्वास है। हम यह भी जानते हैं कि हमारी जुडिशरी जो भी काम करेगी, ठीक ही करेगी। मगर कभी–कभी सरकार का जो प्रगतिशील कार्यक्रम होता है, उस कार्यक्रम को रोकने के लिए कुछ लोग कोई न कोई पेंच फंसा कर कोर्ट में ले जाते हैं और कोर्ट में उसे लटका कर रखते हैं। मैं सरकार से अनुरोध करना चाहूंगा ....**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति : समाप्त कीजिए।

प्रो. राम देव भंडारी : Just a minute, Sir. मैं सरकार से अनुरोध करना चाहूंगा कि हायर एजुकेशन में जो आरक्षण का प्रावधान किया है, जैसे भी हो इसको शीघ्र लागू किया जाए। महोदय, मैं एक और बात की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहूंगा। जुडिशरी में, हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में आरक्षण की चर्चा बरसों से हो रही है। मैंने पहले ही कहा है कि हमारी जुडिशरी में पूरा विश्वास है। इस देश का सही प्रतिनिधित्व, सही चेहरा जुडिशरी में भी दिखाई पड़े, इसके लिए जुडिशरी में आरक्षण का प्रावधान होना चाहिए। वहां भी शैड्यूल्ड कॉस्ट्स, शैड्यूल्ड ट्राइब्स, अदर बैकवर्ड क्लासेज़ और मॉइनोरिटीज के लोगों के लिए आरक्षण होना चाहिए। महोदय, जिस समय लालू प्रसाद जी बिहार के मुख्य मंत्री थे, उन्होंने लोअर लेवल पर जुडिशरी में आरक्षण का प्रावधान किया था, मगर वह भी कोर्ट के पेंच में फंसा दिया गया। मेरा यह कहना है कि जुडिशरी में आरक्षण का प्रावधान होना चाहिए। महोदय, मैं सच्चर समिति की रिपोर्ट के बारे भी कहना चाहूंगा कि मॉइनोरिटीज के बारे में ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति : आप समाप्त कीजिए क्योंकि जो आपकी पार्टी का समय था, आप उससे ज्यादा बोल चुके हैं।

प्रो. राम देव भंडारी : महोदय, मैंने पहले ही अनुरोध किया था कि मेरा टर्म खत्म हो रहा है। **(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति : आपके वापस आने के लिए हमारी शुभकामनाएं हैं।...**(व्यवधान)**... मैं यह बात नहीं कर रहा हूं। आपकी पार्टी के जो 22 मिनट्स थे, ...**(व्यवधान)**...

प्रो. राम देव भंडारी : महोदय, अहलुवालिया जी कह रहे हैं कि मैं वापस आ रहा हूं। मैं इसके लिए उनको धन्यवाद देता हूं। यह हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लालू प्रसाद जी पर निर्भर है। **(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति : हमारी शुभकामनाएं हैं, बस। ...**(व्यवधान)**...

श्री एस. एस. अहलुवालिया (झारखंड): पूरे हाऊस ने रेकमेंड करके ...**(व्यवधान)**... कर दिया है।...**(व्यवधान)** हम लोगों ने यह सर्वसम्मति से कर दिया है।...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति : अभी मौके मिलेंगे, अभी मौके मिलेंगे...**(व्यवधान)**...

श्री सीताराम येचुरी (पश्चिम बंगाल) : और वापस लाने के बाद, उनकी स्पीच पर आप पाबंदी न लगाएं। ...**(व्यवधान)**...

प्रो. राम देव भंडारी : सर, मैं अपनी पार्टी का प्रधान महासचिव भी हूं और यहां नेता भी हूं। मैंने बहुत ईमानदारी और निष्ठा से नेता और पार्टी की सेवा की है। अब नेता पर निर्भर करता है कि वे मेरे बारे में क्या सोचते हैं। ...**(व्यवधान)**... महोदय, मैं समाप्त कर रहा हूं। **(व्यवधान)**...मुझे और दस-पन्द्रह मिनट बोलना था। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति : समाप्त कीजिए। ...**(व्यवधान)**...आपको बजट और रेलवे बजट पर तो बोलना ही है।

प्रो. राम देव भंडारी : महोदय, सरकार ने राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के माध्यम से सर्वशिक्षा अभियान,

मध्याह्न भोजन, मॉडल स्कूल, नए केन्द्रीय विद्यालय, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, ग्रामीण स्वच्छता, निर्मल ग्राम पुरस्कार आदि की चर्चा की है। राष्ट्रीय ग्रामीण सड़क योजना के बारे में, राष्ट्रीय राजमार्ग के बारे में, भारतीय रेल के बारे में चर्चा की है। जब रेल बजट पर बहस होगी, उस समय जो भी हमारे साथी होंगे, वे बोलेंगे। मैं इस अवसर पर कहना चाहता हूं कि रेल मंत्री जी ने इस देश की बुजुर्ग महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत तक टिकट माफ किया है। ग्रेजुएशन स्तर तक की जो लड़कियां हैं, उनके मासिक सीजन टिकट को माफ किया है। और भी बड़े-बड़े काम किए हैं। सभी ने उनकी सराहना की है और आगे भी हम उनकी सराहना करेंगे। महोदय, मैं भारत-नेपाल के बारे में भी दो शब्द कहना चाहूंगा । नेपाल में लगभग 48 प्रतिशत भारतीय मूल के लोग रहते हैं। जिनको हम मधेशी कहते हैं। नेपाल में इस समय लोकतंत्र की स्थापना हुई है, यह स्वागत योग्य है। मगर हमारे जो नागरिक वहां रहते हैं, उनमें से बड़ी संख्या ऐसे भी हैं जिन्हें अभी नागरिकता प्राप्त नहीं हुई है। सरकार को इस दिशा में प्रयास करनी चाहिए। नेपाल सरकार से बात करके, जो भारतीय मूल के नागरिक वहां हैं, उनकी रक्षा और उनके अधिकार उन्हें मिलते रहें, मैं यह सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं।

महोदय, समानता के आधार पर देश का निर्माण होता है। जिस देश में अमीरी और गरीबी का इतना बड़ा फर्क होगा, उस देश में समानता नहीं होगी। समानता के आधार पर हम देश को आगे बढ़ाना चाहते हैं। यूपीए गवर्नमेंट इस देश की जनता के हित के लिए कौमीटेड है। देश की जनता की प्रगति और विकास के लिए कई काम यूपीए सरकार ने इन चार वर्षों में किया है और आगे आने वाले समय में भी यह यूपीए सरकार इस देश की जनता के लिए सभी कुछ करेगी। इन्हीं शब्दों के साथ धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करता हूं, साथ ही आपको धन्यवाद देता हूं। बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्रीमती जया बच्चन (उत्तर प्रदेश): उपसभापति जी, मैं भंडारी जी का बहुत आदर करती हूं। ये बहुत सीनियर हैं, बहुत अच्छे हैं और इम्पार्शियल हैं।

प्रो. राम देव भंडारी : मैं भी आपका बहुत आदर करता हूं।

श्रीमती जया बच्चन : वे अपने भाषण में नेपाल के बारे में कह रहे हैं कि हिंदुस्तान के लोग वहां बहुत हैं, मगर उन्होंने महामहिम की स्पीच में महाराष्ट्र में मध्य भारतीय लोगों के साथ जो हुआ है, उनके बारे में कोई टिप्पणी नहीं की। आप तो बिहार के हैं, महाराष्ट्र में बिहार के जो लोग हैं, उन्होंने सबसे ज्यादा सफर किया है। एटलीस्ट आप इस पर कमेंट कर दीजिए।

श्री उपसभापति : उन्होंने नोटिस दिया है।

प्रो. राम देव भंडारी : महोदया, ऐसा है कि मैंने इस सवाल को सुबह ही चेयरमेन साहब के समक्ष करना था।

श्रीमती जया बच्चन : इन्होंने नोटिस दिया है, मगर इतना बड़ा काण्ड हो गया और इन्होंने अपनी स्पीच में कुछ नहीं कहा। बिहार के लोग वहां से ज्यादा भगाए गए हैं, उनके बारे में आपने कुछ नहीं कहा।

प्रो. राम देव भंडारी : मैडम, मैं आपको बताना चाहता हूं कि उन्होंने कहा है कि इस पर चर्चा कराएंगे और बोलने का मौका देंगे।

श्री उपसभापति : इस पर कल चर्चा होगी, कल रिप्लाई के बाद होगा।

प्रो. राम देव भंडारी : मैं इसे जीरो ऑवर के बाद ही उठाने वाला था, उन्होंने कहा कि कल इस पर चर्चा होगी, अभी बात कहेंगे।

श्री उपसभापति : श्री आर.के. धवन।

श्री राजनीति प्रसाद : हमें मौका मिलेगा तो हम बोलेंगे।

श्री उपसभापति : मौका पार्टी के समय के अनुसार होता है।

श्रीमती जया बच्चन : प्रेसिडेंट की स्पीच में इसका मेंशन नहीं है, मैं यह कहना चाहती हूं।

SHRI R.K. DHAWAN (Bihar): Mr. Deputy Chairman, Sir, with your permission, I rise to support the Motion of Thanks to the hon. President's Address. Sir, at the outset, I would like to thank the hon. President for her illuminating address to Parliament. Sir, as this august House knows, the President's Address is a statement made on behalf of the Government; the Address represents, generally, the programmes and policies of the Government. It is not a catalogue of what all the Government has done. It is a concise statement in the restrained language which gives the details, because it is not possible to give all the details that the Government wishes to give, if I may say so. My colleague Janardhan Dwivediji has made a very lucid analysis of the programmes and policies of the Government and Shri Singhviji has quoted various figures. I would not like to take the time of the hon. House in repeating all that. However, I would like to say a few words on some subjects, primarily on agriculture.

Sir, the Congress Party fought the 2004 elections on the philosophy that the objective of any Government is not the glory of the rulers but the happiness of the common man. I have no hesitation in saying, much to the discomfort of my friends in the Opposition, that this has been the major factor for the Government in framing policies and programmes, to be responsible and transparent on all counts, and the Government has achieved many strides.

Last year, while speaking on the same Motion, I emphasised the importance of having a second Green Revolution. Sir, it is a matter of great exhilaration for me that the Government during the last one year has made tremendous progress towards attainment of this indispensable national objective. Sir, it is heartening to note from the Address that the National Food Security Mission has been set up to enhance the production of rice, wheat and pulses by 10, 8 and 2 million tonnes during the Eleventh Plan period. Sir, another praiseworthy action taken by the Government is Rashtriya Krishi Vikas Yojana with an outlay of Rs.25,000 crores for farmers revival by setting up agriculture growth of 4 per cent in the Eleventh Plan by providing incentives to States. Sir, for understanding the need of Second Green Revolution to which our Bhandaryji also referred, one has to go back into the history of development of agriculture since Independence. Sir, when this country became independent, Shri Jawaharlal Nehru, the first Prime Minister, had the vision and foresight that India had to catch up with the rest of the world in the field of industrial development and without industrialisation economic growth will not be able to match the world. With that in mind, he set up public sector undertakings to have industrial infrastructure and took initiative for the private sector to grow. Sir, but for historical experiences India had gone through, it was not possible to regulate, it was not possible to allow private sector to have the growth in its own manner because of the limitation of resources at that time, much investment could not be made in the agricultural sector and result was the country in the sixties' had to face a very difficult situation so far as wheat was concerned and had to depend on import of wheat to save the millions of people from starvation. Sir, when Mrs. Gandhi took over the reins of office, and I am a witness to those events from 1966 onwards, she felt that economic progress would be an illusion only until and unless we become self-sufficient in the production of food and agricultural products. So, this was the vision that Mrs. Gandhi took and the initiative she took to have the Green Revolution and the manner in which production grew in few years, India got self-sufficiency in food is matter of record that is for nobody else to dispute. Sir, I have got no doubt in my mind that the gigantic step that the Government has taken in the field of agriculture will be the harbinger of Second Green Revolution in India. Sir,

the country has made tremendous economic progress, economic growth has been the phenomenon. But unless fruit and benefits of this economic growth reach the millions of people who toil and sweat in the fields to serve the country, it will be only a matter of speech. So, something has to be done about that to improve the lot of the farmers for which this UPA Government is totally committed. Sir, I feel gratified to the UPA Government that it is fully alive to the problems, needs, and predicaments of the farmers. It is no ordinary achievement that the Government has effected an unprecedented growth, steep hike of 50 per cent in the Minimum Support Price of wheat and 33 per cent for paddy in the last four years. There is no denying the fact that for better marketing facilities, more productive seeds, fertilisers, remunerative prices will all go a long way in solving the problems of the farmers. Sir, relief, which has been given to farmers who were groaning under burden for non-payment of debts because of their meagre income, could not be more timely. Sir, revolution budgetary help to the Indian farmers, inspired by the vision of Shrimati Sonia Gandhi, has been in the finest traditions of Nehru-Gandhi family and its total sense of commitment to that. Sir, as probably the House will remember, or, history is a witness to it, it was Shri Jawaharlal Nehru who dragged endless miles on foot in this scorching sun across the parched villages of Uttar Pradesh to share the suffering and hardships of the farmers and imbibe in them a spirit of oneness. It was Shri Jawaharlal Nehru who wrote in his Will that when he dies his ashes should be flown up and scattered in the fields where Indian farmers toiled. Sir, Indian farmers have always been the most endeared and revered entity of Indian nationhood for the Nehru-Gandhi family. Sir, it is the same shared feeling of oneness of Shrimati Sonia Gandhi with the Indian farmers and her total identification with the lot that has come to their rescue who were being weighed down by an unbearable burden of debt and blighted all their hopes, distress and suffering life. Sir, it is her total commitment to bring solace to those farmers and their families which has led to the unprecedented step in coming to their help and bringing new cheers to their life. In stretching the warm hand of help to them in their hour of agony, Shrimati Sonia Gandhi has exhibited the spirit of oneness with the Indian farmers in the sublime traditions of Nehru-Gandhi family. Sir, I have got no doubt in my mind that for years to come, this gesture which has been made to the farmers of India will be remembered as one of the greatest testimonies to the commitments of Shrimati Sonia Gandhi to welfare of the poor and the downtrodden of this country.

SHRI ARUN JAITLEY (Gujarat): Sir, I am on a point of order. Is my learned friend speaking on the President's Address or the Congress President's Address?

SHRI R. K. DHAWAN: You think I should speak about Golwalkar or Nathuram Godse? If he wants me to speak on Golwalkar I will speak. If you want to me to speak on Nathuram Godse I will speak.

SHRI V. NARAYANASAMY (Puducherry): What Shri Arun Jaitley said is a point of disorder. *(Interruptions)*

श्री उपसभापति: आप बैठिए, उन्हें बोलने दीजिए।

श्री रावुला चन्द्रशेखर रेड्डी (आन्ध्र प्रदेश): कभी-कभी तो प्रैज़िडेंट और प्राइम मिनिस्टर का नाम भी लीजिए ना।

SHRI R. K. DHAWAN: I can understand Mr. Arun Jaitley's hatred for the Gandhi-Nehru's family right from the university days when he was in college. So, I am not surprised by his hatred. It is a well-known fact. So, there is nothing wrong in your saying but I am not going

to speak about Nathuram Godse. It will further be remembered as a great step to correct the progressive growth of India with the hundreds and thousands of villages where these farmers reside and work day and night in all weather conditions to produce the food, which fed the country. I hope Mr. Jaitley will try to agree or tend to agree with this at least. I would refer to what Shri Jaitley wants to say. Some newspapers have described this budgetary relief to the farmers as pole-vault. Am I right, Mr. Jaitley? Yes, it is a pole-vault. It is not a pole-vault to the election year; it is a pole-vault, much to the discomfort of Mr. Arun Jaitley, of Shrimati Sonia Gandhi to the history of Nehru-Gandhi family. I hope he does not object to this. But, Sir, the UPA Government is committed for better decentralised Governance in democracy. The Congress Government with the vision of Shri Rajiv Gandhi got success to provide Constitutional status to Panchayati Raj institution in 1992. Sir, democracy has been further strengthened again at grassroot level by assuring transparency in administration and information to every citizen through Right to Information Bill. Sir, the Right to Information Bill is a historic and unique piece of legislation. By ensuring greater transparency in functioning of the Government it will help in reducing corruption and red tapism also. I think, Mr. Jaitley will agree. Sir, I must congratulate the Government for having expanded the coverage of the National Rural Development Act from 300 districts to cover all rural districts of India. The transparency in implementation has been improved by making muster rolls available on the Internet. Sir, the Govenrment has shown its commitment to provide rural health care facilities by strengthening the functioning of the National Rural Health Scheme to more than 22,000 primary health centres and nearly five lakhs Accredited Social Health Activists (ASHA) are now in position in the villages. Sir, the Jawaharlal Nehru National Urban Renewal Mission is another milestone. 8,000 houses have already been sanctioned for urban poor. In line with the commitment to welfare of common man, the Central Government will promote affordable housing through National Housing and Habitat Policy.

Another striking step taken by the Government is in the field of education. We all know that children are the heritage of the future. The UPA Government realised the importance of giving them the best possible education and it is education alone...

SHRI C. RAMACHANDRAIAH (Andhra Pradesh): Sir, can any hon. Member readout a statement? I am not objecting to it. But, I need a ruling whether any hon. Member can readout a statement.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Ramachandraiah, don't insist on ruling, because there are a number of Members who read from their notes...*(Interruptions)*...

SHRI R.K. DHAWAN: Reading from notes is no bar. I have seen that you also read many times...*(Interruptions)*...

SHRI JANARDHANA POOJARY (Karnataka): Sir, it is being done for the last so many years.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Poojary, please sit down.

SHRI R.K. DHAWAN: Sir, probably, they do not like the points that I am making. These are disturbing them. They have nothing else to say. That is why they are disturbing. They are in the opposition. They are supposed to oppose it. Since they do not have any positive points to oppose, they just stand up to say all these things for which I am not bothered.

Sir, it is education alone can establish...

SHRI C. RAMACHANDRAIAH: I have got a doubt. That is why I have raised this point. There was a ruling from the Chair that no Member can readout a statement. That is all. I am not objecting to his reading a statement.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: It was there in the rules.

SHRI C. RAMACHANDRAIAH: I am not objecting to your reading, Mr. Dhawan...*(Interruptions)*...

SHRI R.K. DHAWAN: I am not reading...*(Interruptions)*...If you close your eyes, I cannot help it. I am just holding a paper.

Sir, it is education alone which can establish connectivity between the economic growth of the country and small towns and villages. Sir, it is extremely happy that the hon. President said in her Address that the Government seeks to provide universal access to secondary education by supporting 6000 new high quality model schools. We all know that in the primary stage itself there are many dropouts and the Government has taken a decision to extend Mid-day Meal Scheme to upper primary level so that there are lesser dropouts.

Sir, the Government is fully conscious of the fact that internal and external security of the country are the twin issues which figure foremost in the agenda of any country. No country can afford to ignore its basic internal and external security. I hope that the House will agree with me that this Government has, in spite of threats from terrorism and Leftwing extremism, succeeded in controlling the internal and external security of the country. The basic achievement of the Government is that it has not allowed the terrorism to be communalised and internal security to be communalised. This is one of the basic achievements of this Government.

Sir, the credit goes to this Government and it deserves all congratulations as India's cherished values of secularism have not been allowed to be sullied by the incidents of terrorism. The Government, through peaceful means, has been able to establish peace in the North-East, Naxalite-affected areas, Jammu & Kashmir and in some other parts of the country. There have been communal disturbances which tried to destroy the basic fabric of our country. The Government has successfully kept it on its toes. The Government has been able to restore the pluralistic ethos and control the dangerous trend of intolerance that had begun to eat into the vitals of this nation. We all know that the North-Eastern region, historically and politically, was, is and will always be a regular part of India. Different parts of North-East have different cultures. It is the pride of India that the nation has, within its own role, diversity of different cultures flourishing in different parts of the country. Sir, the political and historical integration of the North-East with the rest of India has to be translated into its economic and geographical integration. Sir, it is this Government that has formulated specially accelerated roads programmes, development programmes and more than Rs. 44,000 crores have been set apart for these development programmes. It is geographical integration and the spread of education which are keys to economic development of this area. They will usher in almost Industrial Revolution, providing tremendous opportunities of employment.

I congratulate the Government for the step that is taken to improve the defence capabilities of India.

I also congratulate the Government for looking after the interests of the soldiers, who protect our frontiers.

The Government has to be further congratulated for furthering and strengthening the policy of peace and stability with its neighbour.

I welcome advent of democracy in Pakistan, especially so because I had migrated from that country. I would like the peace to be there so that we can go there and visit our birthplace. That is the cherished desire. I am sure the new dispensation, the new Government, will be able to fulfil this.

When this Government took over the reins of office, it was the Prime Minister, Dr. Manmohan Singh, who declared that India and Pakistan should work in such a manner that the borders between the two countries become irrelevant. I hope this would be achieved soon and I will be able to visit my birthplace.

Towards the end, I would like to say, if someone asks me as to what has been the most important achievement of the UPA Government, I would have no hesitation to say that it is the inspiring leadership of Shrimati Sonia Gandhi that has led to the retreat of rising menace of communal virus in the country.

Sir, I have listened to the various points raised by various Members. I have listened to the views of my dear friend, Shri Arun Jaitely, also. But I cannot refrain from saying that they have talked in, what I consider, the most unrealistic fashion. I would like to remind them that they have, especially Shri Arun Jaitley, not refrained themselves from passion and prejudice — prejudice towards the Nehru-Gandhi family. I would like to quote here what Jawaharlal Nehru once said, while replying to the debate on the Motion of Thanks. I quote, "If you condemn everything your condemnation is really worth nothing. Your point of view can be valuable if you look at the whole picture and give credit that is due, and blame where it is necessary." I think Mr. Arun Jaitley will advise his friends to follow this, and so will he do.

Sir, I am grateful to you and to the House for the indulgence with which it has listened to me. With these words, I support the motion.

SHRI ARUN JAITLEY: Mr. Deputy Chairman, Sir, certainly our gratitude and thanks are due to the President for having addressed the Joint Session of Parliament. But when we oppose the motion of Mr. Dwivedi, no disrespect is intended to the hon. President. It is only our complete disagreement with those who drafted the Address of the President because we believe that this Government, for the past four years, has been a Government that has been directionless, which, as I will demonstrate, have been divisive, and which has sacrificed larger interests for the sake of vote bank politics. But before I do that, I must respond to a comment that the hon. Member, Shri R.K. Dhawan, made. I could have sought your permission to intervene when he made that comment, responding to my interjection, that I have hatred for a particular family, who are very respectable and honourable leaders of the Congress Party. There is no question of having any personal dislike or any hatred for any leader or particularly important political personalities. We only have political differences with them. But I would like to respond to what Mr. Dhawan said by merely saying that the converse of * is not hatred. The converse of * ...*(Interruptions)*

SHRI JANARDHANA POOJARY: He narrated the history. It is a part of history. *(Interruptions)*

SHRI ARUN JAITLEY: Sir, the converse of * is merely a desire for meritocracy. We are a

*Expunged as ordered by the Chair.

democracy, and democracies must always elect the best available leaders on the basis of merit and talent. We are a republic; we are not an elected monarchy. I have always believed, and many of those who share our kind of views believe, that the real worth of a republic or a democracy is realised only when these myths shrouded by *, surviving on the charisma of surnames, are demolished. The most developed democracy in the world, the United States, may, perhaps, in the next twenty-four hours, witness this process. And, I do hope that sooner than later the largest democracy in the world, that is, India, also realises....*(Interruptions)*....

श्री उपसभापति : आप बैठिए। Mr. Jaitely, please come to the President's Address. *(Interruptions)*

SHRI V. NARAYANASAMY: He has nothing to do with the President's Address. ...*(Interruptions)*...

श्री रुद्रनारायण पाणि : आपकी समझ से परे है। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति : आप बैठिए।... *(Interruptions)*... Please sit down. ...*(Interruptions)*... आप बैठिए।...*(Interruptions)*... Mr. Narayanasamy, please allow the debate to go on. ...*(Interruptions)*... Please sit down. ...*(Interruptions)*... Mr. Jaitley, please speak on the President's Address.

श्री सुरेन्द्र लाठ (उड़ीसा): पहले उनको भी बैठने के लिए बोलिए, सर। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति : बोल तो रहा हूँ। ... *(Interruptions)*... Please sit down. ...*(Interruptions)*...

SHRI JANARDHANA POOJARY: Sir, so many Members of Parliament have spoken respecting their leaders. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Everybody has a right to respect the leaders. Please sit down. ...*(Interruptions)*...

SHRI JANARDHANA POOJARY: There are so many leaders. I can mention their names. *(Interruptions)*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You can speak when your turn comes. ...*(Interruptions)*... आप बैठिए। ...*(Interruptions)*...

SHRI ARUN JAITLEY: Sir, I was only hoping that the real worth of the world's largest democracy, that is, India is also realised when we really have the best available talent across the board, which leads the country, in various political parties. I was saying this only to clarify that there is no question of having dislike or hatred or any such expression for any honourable leader, as far as this country is concerned. Sir, the people of this country ...*(Interruptions)*...

SHRI S.S. AHLUWALIA: Sir, I would like to draw your attention that this morning we got a bulletin from the Secretariat how a Member should behave. Now, the Chief Whip of Treasury Bench is behaving like this. Is he reminded of...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No; no. Mr. Narayanasamy, please help the Chair. ...*(Interruptions)*... Please sit down. ...*(Interruptions)*...

Mr. Jaitley, you have used the word *. This word is unparliamentary. I am removing it. It is there in the list of unparliamentary words. There are rulings. *(Interruptions)* I have removed it.

---

*Expunged as ordered by the Chair.

SHRI R.K. DHAWAN: Mr. Arun Jaitley may please withdraw those words.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I have removed it.

SHRI ARUN JAITLEY: Sir, I will leave that debate apart. ...*(Interruptions)*... There are many synonyms which are capable of having the same meaning. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Okay. ...*(Interruptions)*... We have to follow certain rules. ...*(Interruptions)*...

Sir, coming to other aspects like infrastructure and irrigation, recently, the Government of India has given a lot of money for 14 irrigation projects as national projects, but not for even one project in Andhra Pradesh. The southern States are totally neglected. And in case of sanctioning other institutions, Central Universities and everything, Andhra Pradesh is neglected. I demand that there should be a reasonable distribution of institutions, a reasonable distribution of assets to Southern India.

With these words, I oppose the Motion. Thank you, Sir.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI DINESH TRIVEDI): Thank you, Shri Reddy.

श्री गांधी आजाद (उत्तर प्रदेश) : धन्यवाद, उपसभाध्यक्ष महोदय। सर्वप्रथम मैं महामहिम राष्ट्रपति महोदया का अभिनंदन करते हुए अभिभाषण के कुछ बिंदुओं पर प्रकाश डालना चाहता हूं।

महोदय, महामहिम के अभिभाषण में भारत निर्माण की चर्चा आई है। इसमें रंच-मात्र भी संदेह नहीं कि आजादी के बाद भारत के निर्माण जरूर हुआ है और चतुर्मुखी विकास भी हुआ है, इसके लिए मैं देश के वैज्ञानिकों, देश के किसानों और उद्योगपतियों को बधाई देता हूं जिनकी मेहनत का परिणाम आज हमारे सामने है कि सकल घरेलू उत्पाद 8 से 9 प्रतिशत के बीच में है। सरकार ने 9 प्रतिशत का लक्ष्य रखा है और इस लक्ष्य को प्राप्त कर के बहुत से लोग सुखद अनुभव कर रहे हैं। यह अच्छी बात है, किंतु भारत निर्माण में दूसरे पहलू पर कम ध्यान दिया जा रहा है जोकि एक चिंता का विषय है। आजादी के बाद जहां भारत के विकास की गति बढ़ी है, वहीं मेरी राय में आजादी के बाद अमीर-गरीब की खाई भी बढ़ी है और अमीर-गरीब के बीच की खाई के बढ़ने के फलस्वरूप आज देश की स्थिति यह है कि जहां चंद लोग खा-खाकर मर रहे हैं वहीं बहुत सारे लोग खाने के बगैर मर रहे हैं। यह एक चिंता का विषय है और ऐसे लोगों के प्रति अभिभाषण में कोई ध्यान नहीं दिया गया है।

महोदय, आज आधुनिकता के नाम पर हम अपने संतों और गुरुओं को भी नज़रंदाज करते जा रहे हैं। यहां मैं देश निर्माण में लगे संत शिरोमणि रविदास जी को उद्धृत करना चाहता हूं जिन्होंने कहा कि,

"ऐसी चाहूं राज में, जहां मिले सबन को अन्न,

छोटे बड़े सब सम-बसैं, रैदास रहै प्रसन्न।"

महोदय, यह मैं इसलिए उद्धृत कर रहा हूं कि आज हम आधुनिकता के वेग में बह रहे हैं और अपने संतों की बातों को ध्यान नहीं दे रहे हैं। अगर हम संत रविदास की बात को ध्यान दें तो शायद अमीर-गरीब की खाई को पाटा जा सकता है। सरकार द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम लागू किया गया है जोकि एक अच्छा कदम है। सरकार द्वारा इसे बढ़ाकर देश के समस्त 596 जिलों में लागू करने का ऐलान

किया गया है। यह भी एक सराहनीय कदम है, लेकिन केवल सौ दिन के रोजगार से उन लोगों का काम चलने वाला नहीं है। महोदय वर्ष में 365 दिन होते हैं और गरीब का काम सौ दिन से नहीं चल सकता है। इसलिए मेरी राय में दिनों की संख्या बढ़ाए जाने की जरूरत है क्योंकि हर हाथ को काम और देश के हर नागरिक को रोटी, कपड़ा और मकान मुहैय्या कराना सरकार का नैतिक कर्त्तव्य होता है। महोदय, सरकार जन-हित के लिए होती है, जन-कल्याण के लिए होती है, लाभ-हानि के लिए नहीं होती है।

महोदय, सर्व-शिक्षा अभियान को सार्वभौमिक मध्याह्न भोजन के कार्यक्रम द्वारा और सुदृढ़ किया गया है। मेरी राय में गरीबों के बच्चों को यह लॉली पॉप देने के समान है। जहां एक तरफ इस देश में कुछ लोगों के बच्चे ब्रेकफास्ट, लंच व डिनर खाते-खाते ऊब जाते हैं.. वहीं दूसरी तरफ मध्याह्न भोजन में चल रही तुच्छ व्यवस्था से गरीबों के बच्चों का काम नहीं चलने वाला है। इसलिए मैं सरकार से निवेदन करना चाहूंगा कि ऐसी कोई कारगर व्यवस्था बनाई जानी चाहिए, कदम उठाना चाहिए ताकि गरीबों के बच्चों को भी भरपेट भोजन उनके घर पर मुहैया हो सके, जिससे सर्वशिक्षा का यह अभियान सार्थक हो सके, सफल हो सके। राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन सरकार का एक अच्छा कदम है, किन्तु इसे और व्यापक बनाने की जरूरत है ताकि अगर हर गरीब को यह सरकार रोटी नहीं दे पा रही है, तो कम से कम दवा की एक गोली तो जरूर उपलब्ध करा सके।

महोदय, खेतिहर किसानों के प्रति अभिभाषण में चिंता व्यक्त की गई। यह एक अच्छी बात है, किन्तु भूमिहीन खेतिहर मजदूरों के विषय में कोई चिंता व्यक्त नहीं की गई है, जिनकी हालत इस देश में काफी दयनीय है और जिनकी संख्या देश में लगभग 20 से 25 प्रतिशत है। इसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के लोगों की संख्या ज्यादा है। ये भूमिहीन खेतिहर मजदूर जो हैं, सामंतों की जुल्म-ज्यादती के कारण गांवों से पलायन करते हैं और केवल रोटी पाने के लिए गांवों को छोड़कर शहरों और कसबों में जाकर सड़कों के किनारे, रेल पटरियों के किनारे, गंदे नालों के किनारे बसने का काम करते हैं। यहां ये लोग अपने श्रम को बिना किसी शर्त पर बेचकर अपनी आजीविका चलाने का काम करते हैं। ऐसे भूमिहीन खेतिहर मजदूरों की ओर अभिभाषण में ध्यान नहीं दिया गया है।

महोदय, जो ऐसे भूमिहीन खेतिहर मजदूर शहरों में जाकर बसते हैं, शहरों के सौन्दर्यीकरण के नाम पर इन्हें उजाड़ने का भी काम होता है और यहां तक कि कभी-कभी इनकी झोपड़ियों में भी आग लगा दी जाती है। इतना ही नहीं, आज तो महाराष्ट्र में कानून को हाथ में लेकर ऐसे ही लोगों को खदेड़ने का काम वहां किया जा रहा है, जो एक चिंताजनक विषय है। इस अभिभाषण में ऐसे लोगों पर ध्यान नहीं दिया गया है। मैं सरकार से निवेदन करना चाहता हूँ कि इन लोगों पर भी ध्यान देने की जरूरत है।

महोदय, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गो के सशक्तीकरण पर अत्याधिक जोर लगाया जा रहा है, जिसकी चर्चा अभिभाषण में पैरा 13 में की गई है कि अनुसूचित जाति के 30 लाख बच्चों के लिए 900 करोड़ रुपये और अनुसूचित जनजाति के 10 लाख बच्चों के लिए 225 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। यह एक अच्छी बात है, किन्तु पिछड़ी जातियों की संख्या जो देश में 52 प्रतिशत है, उन पर भी ध्यान देने की जरूरत है, जिसकी अभिभाषण में चर्चा नहीं हुई है। इसी संदर्भ में मैं एक हवाला देना चाहता हूँ कि केन्द्रीय विश्वविद्यालय बीएचयू में हजारों बच्चों की वर्ष 2006-07 की छात्रवृत्तियां नहीं दी गई हैं, उन्हें लौटा दिया गया है। मैं सरकार से मांग करता हूँ कि उन हजारों बच्चों, जो केन्द्रीय विश्वविद्यालय बीएचयू के है, जिनको छात्रवृत्ति से वंचित रखा गया है, उसकी जांच कराकर उनकी छात्रवृत्तियां उनको दिलाने का काम किया जाय और जिसकी वजह से यह छात्रवृत्ति लौटाई गई, उस दोषी अधिकारी को दंडित करने का काम भी किया जाए।

महोदय, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग, जो बनाया गया है, यह एक अच्छा कदम है, किन्तु महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री, श्रीमती रेणुका चौधरी के अनुसार देश में 5 वर्ष से कम आयु के 43 प्रतिशत बच्चे आज भी कुपोषण के शिकार हैं और प्रति हजार 76 बच्चों की समय से पहले मृत्यु हो जाती है, यह देश के बच्चो

का हाल है। यह भारत की एक दयनीय स्थिति है और इसे रोकने के लिए सरकार को कारगर उपाय करने की जरूरत है। अभिभाषण में इस पर भी दृष्टि नहीं गई है।

(उपसभाध्यक्ष (प्रो० पी०जे० कुरियन) पीठासीन हुए)

महोदय, इतना ही नहीं, हम लोग महानगरों में रहते हैं और चौराहे पर जब लाल बत्ती जलने लगती है, तो गाड़ी खड़ी होने पर अधनंगा बच्चा, मैला-कुचैला बच्चा, भले ही वह स्वयं मैला-कुचैला कपड़ा पहने हो, लेकिन वह अपने हाथ में एक साफ कपड़ा बचाए रखता है और उस साफ कपड़े से दौड़कर गाड़ी को साफ करने का काम करता है, लेकिन ऐसे नौनिहालों के प्रति अभिभाषण में कोई ध्यान नहीं दिया गया है। यहां तक कि बंधुआ बाल मजदूरों को मुक्ति दिलाने के प्रयास की ओर भी अभिभाषण में कोई ध्यान नहीं दिया गया है। मैं सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं कि ऐसे लोगों के ऊपर भी सरकार को ध्यान देने की जरूरत है।

महोदय श्री जनेश्वर मिश्र जी आज यहां पर नहीं हैं, न उनकी पार्टी के लोग ही दिखाई दे रहे हैं, लेकिन मैं श्री जनेश्वर मिश्र जी का स्वागत करता हूं कि ब्राह्मण परिवार मे पैदा होने पर भी वे इंसान और इंसानियत की बात करते हैं। आज जातिवाद देश में भयावह रूप धारण कर चुका है, किन्तु अभिभाषण में इस बात की चर्चा नहीं की गई है।

मैं इस सदन में अपने देश में पैदा हुए संतों, गुरुओं और महापुरुषों को उद्धृत करना चाहता हूं। महोदय, आज 2,500 वर्ष पहले इसी भारत की धरती पर तथागत गौतम बुद्ध पैदा हुए थे। उन्होंने उस समय इस देश में व्याप्त सामाजिक विषमता को समाप्त करने के लिए और समता मूलक समाज बनाने के लिए नारा लगाया था, किन्तु कतिपय कारणों से भारत देश में गौतम बुद्ध का संदेश नहीं पनप सका, सारी दुनिया के दूसरे देशों में गौतम बुद्ध का संदेश गया। गौतम बुद्ध का संदेश जापान में जाने के कारण, इंसान और इंसानियत वहां पैदा होने के कारण, जापान जैसा छोटा देश आज दुनिया की ताकत बना हुआ है, लेकिन हमारा भारत देश, दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश होते हुए भी, गौतम बुद्ध के भाइचारे के संदेश को, इंसानियत और मानवता के संदेश को एडॉप्ट न करने के कारण आज जापान जैसे छोटे देश के सामने कटोरा लेकर खड़ा है। महोदय, 14वीं शताब्दी में संत शिरोमणी श्री रविदास जी पैदा हुए थे, उन्होंने साहस भरे शब्दों में कहा था

रविदास जनम के कारणे होत न कोई नीच
नर को नीच कर डारी है, ओछे करम की कीच।

जातिवाद पर संत शिरोमणि रैदास ने आगे और कहा है —

"जात-पात के फेर में उलझ रहे सब लोग।
मनुष्यता खात रहे, रैदास जात का रोग।।"

इसी बात को आगे बढ़ाते हुए बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर ने कहा था कि जाति-विहीन समाज की स्थापना के बिना स्वराज्य की कल्पना करना भी निरर्थक है। इसी बात को मान्यवर कांशीराम ने आगे बढ़ाते हुए अभियान चलाया था, उन्होंने मंच से नारा लगाया - जाति तोड़ो, समाज जोड़ो। मुझे इस देश की मीडिया पर फख्र है कि इस देश की मीडिया के लोगों ने जो कांशीराम, मायावती जी ने जाति तोड़ो, समाज जोड़ो का नारा मंच से लगाया, उनको इस देश की मीडिया ने जातिवादी घोषित किया और जिन्होंने इस देश में जातिवाद पैदा किया, उनको समाजवादी की संज्ञा दी। मेरी राय में आज आतंकवाद और नक्सलवाद, यह सब जातिवाद का ही प्रतिफल है।

महोदय, आज मैं देश के सबसे बड़े प्रदेश, उत्तर प्रदेश की मुख्य मंत्री बहन मायावती जी को बधाई देना चाहता हूं, जिन्होंने संतों, गुरुओं और महापुरुषों से सबक लेकर, उनकी बात को आगे बढ़ाया और बढ़ाने का प्रयास कर रही हैं। कभी गौतम बुद्ध ने कहा था कि अगर हम सब का भला न कर सकें, तो ज्यादा से ज्यादा लोगों का भला करना चाहिए। इसलिए उन्होंने कहा था - 'बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय'। मैं अपनी नेता

बहन मायावती जी को बधाई देना चाहता हूं कि गौतम बुद्ध से प्रेरणा लेकर, अन्य संतों और महापुरुषों की बातों को आगे बढ़ाने के लिए आज जो देश की जरूरत है, जन-जन की जरूरत है, आज वह अभियान उन्होंने चला दिया है कि देश को आज बहुजन सुखाय, बहुजन हिताय नहीं, बल्कि सर्वजन सुखाय, सर्वजन हिताय की जरूरत है।

महोदय, आरक्षण की चर्चा आई है। माननीय राजनाथ सिंह जी अभी यहां मौजूद नहीं हैं, लेकिन उनके दल के लोग यहां बैठे हैं। मैं बताना चाहता हूं कि श्री राजनाथ सिंह जी ने कल कहा कि धर्म और मज़हब के नाम पर आरक्षण नहीं मिलना चाहिए। मैं उनसे सीधा सवाल करना चाहता हूं, उनके दल के लोगों से सीधा सवाल करना चाहता हूं और उनसे पूछना चाहता हूं कि देश के अनुसूचित जाति के लोग किसी धर्म और मज़हब के मानने वाले हैं या नहीं? अगर हैं, तो उनको आरक्षण किस आधार पर दिया गया है? माननीय राजनाथ जी को मैं यह भी स्पष्ट करना चाहता हूं कि आपके हिंदू धर्म की कुव्यवस्था के शिकार अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोग, जो सामाजिक और शैक्षणिक धारा से वंचित रहे, उनको मुख्य धारा में, सामाजिक और शैक्षणिक धारा में पुनः लाने की कोशिश का नाम ही आरक्षण है। इसलिए आज जो सामाजिक या आर्थिक रूप से पिछड़े हुए लोग हैं, मुख्य धारा से अलग हुए लोग हैं, उनको आरक्षण देना न्यायसंगत है ....(**व्यवधान**)...

श्री रुद्रनारायण पाणि : महोदय, माननीय गांधी आज़ाद जी ने कहा कि राजनाथ सिंह जी के दल के लोगों से वे सीधा पूछना चाहते हैं .... (**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P. J. KURIEN): You can reply to it when your turn comes. ...*(Interruptions)*...

श्री रुद्रनार ण पाणि : मैं सीधा नहीं पूछना चाहता हूं, मैं आपके माध्यम से उनसे पूछना चाहता हूं कि क्या इस्लाम में, क्या ईसाई धर्म में जाति-व्यवस्था है?

श्री शाहि सिद्दिकी : हिंदुस्तान में जो आ गया, वह जाति के रंग में रंग गया। यहां जाति ऐसी है कि वह सबको खा जाती है .... (**व्यवधान**)...

†[شری شاہد صدیقی : ہندوستان میں جو آگیا، وہ جاتی کے رنگ میں رنگ گیا۔ یہاں جاتی ایسی ہے کہ وہ سب کو کھاجاتی ہے ۔۔مداخلت۔۔]†

श्री रुद्रनारायण पाणि : महोदय, 1993 की.... (**व्यवधान**) Don't try to teach us ... *(Interruptions)*... Don't try to teach us ... *(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Mr. Pany, please sit down. *(Interruptions)* Please take your seat. ...*(Interruptions)*...

श्री शाहिद सिद्दिकी : आप कभी धर्म पर जा रहे हैं, कभी राजनीति पर जा रहे हैं, उसको छोड़िए, देश की बात कीजिए ... (**व्यवधान**)...

†[شری شاہد صدیقی : آپ کبھی دھرم پر جارہے ہیں، کبھی راجنیتی پر جارہے ہیں، اس کو چھوڑئے، دیش کی بات کیجئے ۔۔مداخلت۔۔]†

श्री रुद्रनारायण पाणि : देश की बात सबसे ज्यादा हम ही करते हैं, राष्ट्र प्रेम की बात हमसे ज्यादा कोई नहीं करता है ..(**व्यवधान**)... ।

THE VICE-CHAIRMAN: Mr. Pany, please keep quiet.

श्री गांधी आज़ाद : पाणि जी, जरा धैर्य रखिए, मैं सच के सिवाय कुछ नहीं बोलूंगा, सच सुनने की हिम्मत

†[ ]Transliteration in Urdu Script.

रखिए। सामाजिक धारा से पिछड़े हुए लोगों को बराबरी में आरक्षण देना न्यायसंगत है, इसीलिए मैं स्पष्ट करना चाहता हूँ कि धार्मिक अल्पसंख्यक मुस्लिम समाज को आरक्षण देना भी न्यायसंगत है। इतना ही नहीं, मैं अपने नेता बहन कुमारी मायावती जी को बधाई देना चाहता हूँ, जो मंच से ऐलान करती हैं कि जो दलि. . धार्मिक रूप से अगर अपना धर्म परिवर्तन करके इसाई और मुस्लिम या चाहे जिस धर्म में चले गए हों, बुद्धिस्ट बन गए हों, उनको भी आरक्षण देना न्यासंगत है। इतना ही नहीं, मैं अपनी नेता को पुनः बधाई देना चाहता हूँ कि देश के सवर्ण समाज के भी जो गरीब लोग हैं, उनको भी आरक्षण देने की हमारी नेता ने केवल वकालत ही नहीं, बल्कि देश के प्रधान मंत्री को लिख करके भी दिया है कि उनके लिए यानी देश के सवर्ण लोगों को भी आरक्षण देने की व्यवस्था की जाए। अगर इसके लिए संविधान में संशोधन करने की जरूरत है तो संवि.ान में संशोधन करके विधेयक लाया जाए, बहुजन समाज पार्टी उसका समर्थन करेगी।

महोदय, माननीय राजनाथ सिंह जी नहीं हैं, मैं उनके राम की आस्था पर बोलना चाहता हूँ। मैं माननीय राजनाथ सिंह जी के राम की आस्था पर प्रश्नचिह्न तो नहीं लगाना चाहता, लेकिन इतना जरूर कहना चाहूंगा कि वे और उनकी पार्टी क्या सचमुच राम के प्रति आस्था रखती है या केवल राम का नाम ले करके राम के आस्थावान भक्तों को धोखा देने का काम करते हैं। अगर ऐसा नहीं है तो मैं पूछना चाहता हूँ कि छः साल तक यहां सरकार चलाने वाले, राम के नाम पर सरकार बनाने वाले लोग, जो बार-बार कहते हैं, आज भी कहते हैं कि श्राम लला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगेछ, आज भी कहते हैं, श्राम लला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे, लेकिन तारीख नहीं बताएंगे, तारीख नहीं बताएंगेछ, यह धोखा नहीं तो और क्या है? यह धोखा नहीं तो और क्या है?

महोदय, मैं इस सदन के माध्यम से निवेदन करना चाहता हूँ कि आज राम मंदिर और राम सेतु बनने से पहले देश के करोड़ों राम भक्तों के रहने की व्यवस्था करने की जरूरत है। मैं सदन के इधर और उधर, दोनों पक्षों से कहना चाहता हूँ कि राम मंदिर और राम सेतु बनने से पहले देश के करोड़ों राम भक्तों, जिनके पास झोपड़ी भी मयस्सर नहीं है, के रहने की व्यवस्था और इंतजाम करने की जरूरत है, यह नैतिकता का तकाजा है।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Yes, now please conclude.

श्री गांधी आजाद : महोदय, मैं एक-दो मिनट में समाप्त करता हूँ। श्री राजनाथ सिंह जी ने गांधी के राम राज की कल्पना किया था, बहुत अच्छे ढंग से समझाया था कि राम राज न होता तो गांधी जी कई बार राम-राम किए ... मैं उनकी बात को मानता हूं, उसको उन्होंने अच्छे ढंग से प्रस्तुत किया, लेकिन मैं स्पष्ट करना चाहता हूं, दोनों पक्षों से कहना चाहता हूं कि इस देश में अगर सचमुच राम राज्य की बहाली करना चाहते हैं, इस सदन के माध्यम से मैं देश की जनता से अपील करना चाहता हूं कि अगर सचमुच राम राज्य चाहते हैं, तो इस देश में जब भारत के संविधान के शिल्पकार डॉ.अम्बेडकर के सपनों का भारत और कांशीराम के सपनों का भारत होगा, तभी राम राज्य हासिल हो सकता है। इन्हीं शब्दों के साथ, मैं पुनः अभिभाषण का स्वागत करते हुए एवं महामहिम राष्ट्रपति जी का स्वागत करते हुए अपनी बात को विराम देता हूं, धन्यवाद।

श्री मनोहर जोशी (महाराष्ट्र) : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे इस महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया। हमारे देश के लोकतांत्रिक इतिहास में पहली बार सदन में एक महिला राष्ट्रपति का भाषण सम्पन्न हुआ, इस बात की मुझे खुशी है और मुझे इस बात की भी खुशी है कि वह महिला महाराष्ट्र की है, मराठी है। यहां के सब भाषण मैं बहुत ही ध्यान से सुन रहा हूं और इसीलिए जब मैं अपना वक्तव्य कहूंगा तो आपने अपने भाषण में जो कुछ कहा है, उसका आधार लेकर ही बोलना चाहूंगा।

सर, एक बात सच है कि इस डिबेट की शुरुआत माननीय जनार्दन द्विवेदी ने की। मैं द्विवेदी जी को बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने हम सब लोगों का ध्यान एक बहुत महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित किया, लेकिन

यह बात सच है कि द्विवेदी जी के भाषण के बाद मैं सोचता था कि सदन में इस विषय पर बहुत गंभीरता से चर्चा होगी, लेकिन चर्चा हुई नहीं। द्विवेदी जी ने अपने भाषण के अंत में कहा था कि राष्ट्रपति के भाषण में एक विषय का उल्लेख नहीं है और वह विषय था कि आज की राजनीति दूषित हो रही है। उन्होंने अपने भाषण में यह भी कहा कि राजनेताओं की तरफ लोग सम्मान से नहीं देखते हैं और इसके कारण लोगों के मन में राजनीति करने वालों के बारे में प्रतिमा अच्छी नहीं है। मैं यह सोचता था कि शायद यहां जब डिबेट चल रही है, तो इस विषय पर चर्चा होगी, लेकिन इस विषय पर चर्चा नहीं हो सकी और सर, आप तो जानते हैं कि यह विषय बहुत ही गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। राजनीति में कितने क्रिमिनल्स हैं, लोक सभा और राज्य सभा में भी ऐसे लोग चुनकर आते हैं। इनकी प्रतिमा खराब होने के कारण और दूसरे अनेक कारण हैं, जिन कारणों से लोगों के मन में राजनीति की प्रतिमा बहुत ही दूषित हो रही है। मैं इतना ही कहूंगा कि राजनीति में काम करने वाले लोग यदि चाहते हैं कि हमारी प्रतिमा अच्छी रहे तो स्वयं से शुरुआत करने की आवश्यकता है। जब तक, जो लोग राजनीति में हैं, वे खुद की प्रतिमा सुधारने की कोशिश नहीं करेंगे, तब तक मैं नहीं समझता कि उनके बारे में लोगों का मत अच्छा होगा। जब मैं इस विषय पर बात कर रहा हूं, चुनकर आए हुए सांसदों या विधायकों की बात कर रहा हूं, तो मैं यह भी कहूंगा कि सदन में हमारा बर्ताव बहुत ही जिम्मेदारीपूर्ण रहना चाहिए। मैं यह नहीं कहूंगा कि हर समय ऐसा होता है लेकिन कभी-कभी घर के बच्चे भी अपने पिता से पूछते हैं कि सदन में इतनी गड़बड़ी क्यों होती है। द्विवेदी जी के मत से मैं बिल्कुल सहमत हूं और मैं यही चाहूंगा कि सदन अच्छे तरीके से चले, पूरा दिन चले। जैसे राष्ट्रपति के भाषण पर चर्चा होती है, ऐसी ही चर्चा हर विषय पर होनी चाहिए। इससे हम लोग इस विषय की शुरुआत कर सकते हैं। मुझे दूसरा भाषण जो बहुत अच्छा लगा, वह जनेश्वर मिश्र जी का भाषण था। मैंने कल उनका भाषण सुना था। भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष ने भी बहुत अच्छा भाषण किया था। अनेक मुद्दों पर उन्होंने अपने पक्ष की भूमिका रखी और उसके साथ-साथ सरकार के दोष भी गिनाए। अरुण जेटली जी का जो भाषण था, वह बहुत विद्वतापूर्ण था। वह भाषण भी सुनने का मुझे मौका मिला। लेकिन सदन के वरिष्ठ सदस्य श्री जनेश्वर मिश्र जी के भाषण से मैं बहुत प्रभावित हुआ। उन्होंने मुम्बई की घटना पर अपने भाषण में जिस शांति और सभ्यता का परिचय दिया, वह मुझे बहुत अच्छा लगा। मैं उनके भाषण की सराहना करता हूं। उन्होंने अपने भाषण में कहा कि मुम्बई में जो घटना घटी, उत्तर भारत के लोगों के खिलाफ जो घटना हुई, उन्होंने मुझे कहा कि ऐसी घटना नहीं होनी चाहिए, देश के संविधान का सम्मान करना चाहिए और मैं यह बात बालासाहेब ठाकरे जी से कहूं और बालासाहेब ठाकरे जी अपने भतीजे को कहें कि ऐसी बात न करे जिसके कारण देश को खतरा हो और जो भाषण संयम से होगा तो इस देश में होने वाली बहुत गड़बड़ियां नहीं होंगी और इसीलिए मैं एक बार फिर धन्यवाद देता हूं और उनकी पार्टी के लोगों को कहना चाहता हूं कि उनकी इच्छा के अनुसार उनकी भूमिका मैं अपनी पार्टी के प्रमुख तक जरूर पहुंचाऊंगा।

सर, राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में मुम्बई की घटना के बारे में कुछ नहीं है। इसके दो कारण हो सकते हैं, पहला यह कि राष्ट्रपति जी ने नहीं सोचा होगा कि मुम्बई की घटना कोई बहुत बड़ी हुई हो और दूसरा कारण यह भी हो सकता है कि उनके पास केबिनेट के माध्यम से जो भाषण जाता है तो शायद उन्होंने नहीं सोचा होगा कि इसमें मुम्बई का मुद्दा आने की आवश्यकता है। 28 जनवरी, 2008 को राज ठाकरे जी ने भाषण दिया। शायद कुछ लोगों को मालूम नहीं होगा, इसलिए मैं बताऊंगा कि राजठाकरे इससे पहले शिव सेना में थे, अब उन्होंने अपनी स्वयं की पार्टी बनाई है और उनकी पार्टी का काम शुरू है। 28 जनवरी, 2008 के भाषण में उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में केवल महाराष्ट्र दिन -महाराष्ट्र डे हो तथा महाराष्ट्र में दूसरे किसी भी स्टेट का दिन नहीं मनाना चाहिए, यह उन्होंने कहा था। यह कह कर वे रुके नहीं, उन्होंने आगे चलकर अमिताभ बच्चन जी के बारे में भी कहा और उन्होंने यही कहा कि अमिताभ बच्चन जी सुपर स्टार हैं और महाराष्ट्र में रहते हैं, उनका महाराष्ट्र में ही घर है। जब चुनावों की बात होती है कि तो वे उत्तर प्रदेश में जाकर चुनाव में खड़े रहते हैं तथा वह महाराष्ट्र में खड़े क्यों नहीं रहते। ब्रांड अम्बेस्डर बनना है तो उत्तर प्रदेश के ब्रांड अम्बेस्डर बनते हैं, यही राज ठाकरे का आक्षेप था और इन मुद्दों पर उनका भाषण होने के बाद मुम्बई में गड़बड़ी हुई। शायद कुछ लोगों को मालूम नहीं होगा या जानबूझकर भी इस विषय पर नहीं बोलते

होंगे, मेरी पार्टी के प्रमुख बाल ठाकरे जी ने एक स्टेटमेंट दिया था और इस निवेदन में बाला साहब ने कहा था कि अमिताभ बच्चन जी इस देश के बड़े अच्छे एक्टर हैं और अमिताभ बच्चन जी को यह बोलना कि वे महाराष्ट्र के नहीं हैं, यह मूर्खता है, यानी बालासाहेब ठाकरे ने कहा था कि अमिताभ बच्चन जी का सम्मान रखना आवश्यक है और उनका कोई भी अपमान न करे, ऐसी इच्छा भी उन्होंने व्यक्त की थी। इतना सब होने के बाद अमर सिंह जी की मुम्बई में एक प्रेस कांफ्रेंस हुई और उस प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने जो बात की, वह बात राज ठाकरे के खिलाफ थी। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी के कार्याध्यक्ष उद्धव ठाकरे जी हैं और उद्धव ठाकरे जी ने पार्टी में बहुत अच्छा काम चलाया है और इसी कारण राज ठाकरे जी उनसे संघर्ष करना चाहते हैं और इसीलिए उन्होंने यह विषय उठाया है। उसी प्रेस कांफ्रेस में राज ठाकरे जी के कुछ लोगों ने निषेध किया, और अमर सिंह जी के खिलाफ नारेबाजी की और वह नारेबाजी जब की तभी से यह सब गड़बड़ी शुरू हुई है। सर, मैं यह बैकग्राउंड इसके कारण दे रहा हूं कि मेरी दृष्टि से एक छोटा विषय देश में बहुत बड़ा बन रहा है और उसका कारण लोगों को मालूम होना चाहिए, इसीलिए यह पृष्ठभूमि मैं आपके सामने रख रहा हूं। हमारे इसी सदन के सदस्य अगर यहां उपस्थित होते तो और अच्छा होता। श्री अबू आसिम आज़मी जी ने कहा था कि हम उत्तर भारतीयों के हाथ में लाठी देंगे और कहेंगे कि आप प्रतिकार करो, संघर्ष करो, तो फिर राज ठाकरे जी ने कहा कि आप हाथ में लाठी देंगे, तो मैं भी मराठी लोगों के हाथ में तलवार दूंगा। सर, यह जो भाषणबाजी हुई, इससे मुम्बई में थोड़ी गड़बड़ी हुई । ...**(व्यवधान)**... मैं बताऊंगा कि कितनी गड़बड़ी हुई, क्योंकि मैं आपसे ज्यादा जानता हूं। ....**(व्यवधान)**...

श्री शाहिद सिद्दिकी : इसके लिए अबू आसिम आज़मी जी कैसे जिम्मेदार हैं ? ....**(व्यवधान)**...

†[اس کیلئے ابو عاصم اعظمی جی کیسے ذمہ دار ہیں؟۔مداخلت۔ : شری شاہد صدیقی]

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Mr. Siddiqui, let him complete...*(Interruptions)*...Please, no interference...*(Interruptions)*...

श्री बृजभूषण तिवारी (उत्तर प्रदेश): सबसे पहले लाठी की बात वहां के जो गृह मंत्री, श्री पाटिल साहब हैं, उन्होंने कही। ...**(व्यवधान)**...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): You will get your chance. ...*(Interruptions)*... आपको बोलने का मौका मिलेगा। आप बैठ जाइये। Mr. Joshi, you please proceed.

श्री मनोहर जोशी : सर, मैं यह बात मानता हूं कि पाटिल साहब ने यह बात कही थी और इनकी बात सच है। लेकिन गृह मंत्री ने कहा, तो भी एक पार्टी के जिम्मेदार नेता को ऐसा नहीं कहना चाहिए, यह आपको भी मानना पड़ेगा। शब्द से शब्द बढ़ता है और फिर इस तरह की बातें होती हैं। ...**(व्यवधान)**... सर, छठ पूजा के बारे में बात हुई कि राज ठाकरे जी ने कहा कि मुम्बई में छठ पूजा नहीं होनी चाहिए। सर, बात ऐसी नहीं है। उन्होंने कहा कि छठ पूजा का नाम लेकर राजनीति करना गलत है, यह उनका खुद का एक दृष्टिकोण है। लेकिन यह जो बात हो गयी, उस बात के बाद भी छठ पूजा में हम लोग गए थे, इतना ही नहीं, उत्तर भारतीयों का जो सम्मेलन होता है, उस सम्मेलन में भी हम गये थे। हमारी पार्टी के प्रमुख उद्धव ठाकरे जी भी गए थे। ...**(व्यवधान)**....यही कारण है कि जड़ क्या होगी, मैं यह जरूर कहूंगा। ...**(व्यवधान)**...

सुश्री मैबल रिवैलो (झारखंड): राज ठाकरे जी, तो आपके चेले हैं। ..**(व्यवधान)**...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN) : You don't reply to that. Why do you reply to that?...*(Interruptions)*...Please take your seat. You make your speech. You are very smoothly presenting your view-point.

श्री मनोहर जोशी : मैं आपको रिप्लाई नहीं करूंगा, लेकिन दूसरे मित्रों को जरूर जवाब दूंगा। ...**(व्यवधान)**....

---

†[ ]Transliteration in Urdu Script.

श्री रवि शंकर प्रसाद (बिहार): सर, मैं बिहार से आता हूं। हम लोग छठ पूजा को बहुत आदर से मनाते हैं, महिलाएं व्रत रखती हैं। छठ पूजा बहुत ही समर्पण का त्योहार है, लाखों लोग पार्टिसिपेट करते हैं और छठ पूजा को इस कम्पटिशन की राजनीति का अंग अगर हम नहीं बनायें, तो बड़ी कृपा होगी। उसमें आस्था और धार्मिक भावना निहित है। ...(व्यवधान)...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P. J. KURIEN): Mr. Joshi, beware your time is being taken away by others.

श्री मनोहर जोशी : सर, उनका टाइम आप मुझे देंगे। ...(व्यवधान)... इसीलिए मैं कहता था कि राज ठाकरे जी ने छठ पूजा का विरोध किया, तो लोगों को गुस्सा आना स्वाभाविक है। जैसा कि मैंने पेपर में पढ़ा, उन्होंने छठ पूजा का विरोध नहीं किया था। उसके पहले भी जब छठ पूजा होती थी, तो छठ पूजा में उद्धव ठाकरे जी खुद गए हैं, यह मुझे मालूम है। इसलिए आप जैसा कहते हैं, वैसी भावना छठ पूजा के बारे में हमारे लोगों में नहीं है। ...(व्यवधान)...

श्री रवि शंकर प्रसाद : उसके बारे में लालू जी ने जो कहा, वह भी ठीक नहीं है। ...(व्यवधान)...

श्री मनोहर जोशी : सर, अब मैं लालू जी पर भी आता हूं। बात को ठीक तरह से समझने की आवश्कता है। सर, इतनी छोटी सी घटना का इतना बड़ा होने का एक कारण यह भी है कि इस घटना को बहुत पब्लिसिटी मिली। मैं इलेक्ट्रोनिक मीडिया में देख रहा था। एक घटना हुई, एक टैक्सी ड्राइवर को मारा, थोड़ा-सा पीटा और थोड़ा-सा उसको पीटने के बाद बार-बार यह घटना दिखाई जाती थी और इसीलिए पूरे देश को लगा कि मुम्बई में क्या हो रहा है? सर, मैं जब से यहां आया हूं हर बार मुझे पूछा जाता है कि मुम्बई में क्या हो रहा है, हमारे यहां के मित्र भी मुझे बोलते हैं कि हम मुम्बई में आयेंगे, तो सुरक्षित रहेंगे ? आपको तो मालूम है कि मैं चार-पांच दिन बाद मुम्बई जाता हूं। मैं बार-बार सभी को कहता हूं कि मुम्बई में ऐसी कोई बात नहीं है, मुम्बई में कोई बड़ी बात नहीं हुई है और बड़ी बात नहीं होने के बाद भी जो अफवाहें फैलाने वाले लोग हैं, उनका यह काम है। जैसा मैंने कहा कि भाषण बाजी, मीडिया का काम और तीसरा यही कि अफवाह उड़ाने वाले लोग ...(व्यवधान)...

श्री राजनीति प्रसाद : एक मरा है, वह भी ...(व्यवधान)...

उपसभाध्यक्ष (प्रो.पी.जे. कुरियन) : नो प्लीज़।

श्री मनोहर जोशी : शायद इनको यह बात मालूम नहीं है कि जो मरा है, वह मराठी है। ...(व्यवधान)... नहीं, वह औरंगाबाद का नहीं है, वह नासिक का है। ...(व्यवधान)... वह मराठी है और जो पत्थरबाजी हुई, सर, मैं यही बोलता हूं कि गलतफहमी ज्यादा है। सच बात तो यह है कि सच को समझने की कोशिश भी नहीं करते हैं, तो हम क्या कर सकते हैं। मैं आप से एक दूसरी बात और कहूंगा तो आपको सुनकर अचरज होगा कि इस घटना के बाद केवल दो-तीन दिन में मेरे बिहार के चार मित्र ट्रेन में जा रहे थे ...(व्यवधान)...

उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी. जे. कुरियन): जोशी जी, आपका टाइम खत्म होने वाला है। You please try to conclude. ...(व्यवधान)... आपके 18 मिनट्स हो गए हैं। ...(व्यवधान)...

श्री मनोहर जोशी : सर, ऐसा मत कीजिए। ...(व्यवधान)... मुझे थोड़ा तो टाइम दीजिए, नहीं तो गलतफहमी रहने दो, मैं कुछ नहीं कहूंगा। मैं बैठ जाऊंगा।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Don't be disturbed by others. Concentrate on what you want to say.

श्री मनोहर जोशी : सर, बिहार के चार लोगों ने एक मराठी आदमी को उठाया और ट्रेन से फैंक दिया। मैं केवल अफवाह नहीं फैलाना चाहता हूं। यह बात सच है और मेरे पास हर बात की यहां पर प्रैस कटिंग है। लेकिन हमने ऐसा नहीं किया। यह करने वाला बिहारी था, इसलिए सब बिहारी खराब हैं, ऐसी बात कभी भी शिव सेना की तरफ से नहीं आई। यह बात और बढ़ने का मैं चौथा कारण यह बताता हूं कि मैंने कभी भी नहीं देखा कि महाराष्ट्र की गवर्नमेंट ने यह घटना जब से शुरू हुई तब से कुछ नहीं किया। मेरा महाराष्ट्र की

गवर्नमेंट पर आक्षेप है और आरोप है। एक घटना घटती है, उनको मालूम है कि घटना की जो बातें हैं वे पूरे देश में फैलती हैं। इसके ऊपर महाराष्ट्र गवर्नमेंट को कार्यवाही करने में क्या होता? इससे भी ज्यादा अचरज की बात यह है कि दिल्ली सरकार में बताने के बाद भी सैन्ट्रल गवर्नमेंट ने कहा कि इस विषय पर कार्यवाही करने की आवश्यकता है, तो भी महाराष्ट्र गवर्नमेंट ने कार्यवाही नहीं की, क्यों नहीं की? इसके लिए कौन जिम्मेवार है? जब ये बातें होती हैं तो तब ये सब इकट्ठा करके महाराष्ट्र को दोष देना बिल्कुल गलत है। पूरे महाराष्ट्र में क्या हो रहा है? महाराष्ट्र में गुंडागर्दी हो रही है, महाराष्ट्र देश तोड़ रहा है, मैं सब सुन रहा था। लोक सभा में जो चर्चा हुई, वह भी मैंने सुनी। महाराष्ट्र को देश-प्रेम सिखाने की जरूरत नहीं है। इस देश को जितने बड़े नेता महाराष्ट्र ने दिए हैं, शायद ही किसी दूसरे स्टेट ने दिए होंगे। महाराष्ट्र के ऊपर पूरे देश को अभिमान है और महाराष्ट्र एक देश-भक्त स्टेट है। मैं यह भी कहूंगा कि शिव सेना की तरफ से जब कभी कहीं पर भी भाषण दिया जाता है तो भाषण के बाद अंत में कहते हैं कि ज्जय हिन्द, जय महाराष्ट्रछ। इसका मतलब यह है कि पहला सम्मान हिन्दुस्तान का है और बाद में महाराष्ट्र का है और इसलिए संविधान को कोई भी खतरा नहीं है। ऐसा कुछ भी महाराष्ट्र में नहीं हुआ है। देश का कोई भी आदमी वहां जा सकता है और देख सकता है कि वहां पर क्या होता है और फिर खुद का अपना मत बना सकता है। लेकिन ऐसा नहीं हुआ है, इसलिए इस विषय पर मुझे यहां बोलने की आवश्यकता है। ...(समय की घंटी)...सर, और एक बात कहना चाहता हूं कि आपको मालूम है कि 1992-93 में क्या हुआ था? उस समय मुम्बई में बड़े दंगे फसाद हो गए थे। उसमें अनेकों लोग मारे गए और उसमें हिन्दू और मुस्लिम दोनों समाज के लोग मारे गए। तो यह सब बातें सच नहीं थी कि उस समय वहां पर लोग उत्तर भारत के नहीं थे? मुझे याद है क्योंकि मैं चुनाव के लिए बार-बार खड़ा हुआ था। मैंने यह भी देखा है कि उत्तर भारत के लोगों ने भी हमें मत दिया है, बिहार के लोगों ने भी वोट दिया है। जब वहां पर रक्षा करने का समय आया तो हिन्दुओं के पीछे शिव सेना खड़ी रही। उसने यह नहीं सोचा कि यह बिहारी है, इसकी रक्षा नहीं करनी चाहिए और उत्तर भारतीयों की रक्षा नहीं करनी चाहिए। शिव सेना ने बार-बार लोगों के सामने अपनी भूमिका रखी है और इसी भूमिका को लेकर हम आगे बढ़ रहे हैं। मैं दूसरी एक ही बात कहूंगा कि जब मैं महाराष्ट्र का मुख्य मंत्री था, तब मैंने एक स्कीम लागू की थी। आप झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों की बात कर रहे थे, इसलिए मैं यह कह रहा हूं। मैंने एक स्कीम लागू की थी कि जो-जो आदमी झोपड़ियों में रहते हैं, उनको फ्री ऑफ चार्ज ऑनरशिप बेसिज पर 225 स्क्वेयर फुट जगह दी जाएगी। अभी तक मेरे पास एक भी कम्पलेंट नहीं आई कि वह दूसरे राज्य का आदमी है और उसको जगह नहीं दी। जो बात कही गई, वह पूरी की गई। जो बात अभी हुई है, वह एकदम छोटी बात है, इसके लिए मैं सभी से प्रार्थना करूंगा कि इसे बढ़ावा देने की कोशिश न करें। इस विषय पर बार-बार चर्चा करना भी ठीक नहीं होगा। अब ऐसी चर्चा नहीं होगी, तो मैं समझता हूं कि मुंबई के बारे में, महाराष्ट्र के बारे में जो गलतफहमी हो रही है, वह गलतफहमी दूर हो सकती है। इसके लिए मेरी सभी से प्रार्थना है कि यह विषय यहां ही बोलना चाहिए। बार-बार चर्चा करने से, विषय बढ़ाने से, हम क्या बोलते हैं और इसका क्या असर समाज पर होता है, यह सोचना चाहिए। मैं सोचता हूं कि सदन के सभी सदस्य यह सुनेंगे, ऐसी मेरी आशा है।

सर, मैं एक विषय पर दो-चार मिनट के लिए बोलना चाहता हूं। यह कर्ज़ माफ़ी का विषय है। कर्ज़ माफ़ी के विषय में अभी जो चल रहा है, वह कर्ज़ माफ़ी करने के बाद भी बहुत गंभीर स्वरूप धारण कर रहा है। कर्ज़ माफ़ी हो गई, पूरी नहीं हुई, सभी को देनी चाहिए, वह ठीक है, लेकिन क्रेडिट लेने की जो स्पर्द्धा शुरू हो गई है, वह बहुत खराब है। हर पार्टी इसका क्रेडिट लेना चाहती है। मेरे कारण हो गया है, यह कांग्रेस कहती है, एन.सी.पी. कहती है, शिव सेना, बीजेपी कहती है। हमने आंदोलन किया, इसलिए यह बात हो गई। लेकिन मैं एक बात कहूंगा कि यदि सचमुच किसी को क्रेडिट चाहिए होगा तो यही सोचना चाहिए कि सभी किसानों की कर्ज़ माफ़ी करें।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): You should also take some credit.

श्री मनोहर जोशी : यह जन हित में होगा, ऐसी मेरी सोच है। सर, मेरे पास अनेक मुद्दे हैं, लेकिन मुझे मालूम है कि समय की मर्यादा है। मैं ज्यादा नहीं बोलना चाहता हूं। महोदय, आपने बोलने का जो मौका दिया

है, उसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं एक बार फिर सभी से प्रार्थना करूंगा कि कृपा करके यह जो मुंबई का विषय है, उसे न बढ़ाएं। धन्यवाद, नमस्कार।

उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी. जे. कुरियन): आपको ज्यादा टाइम देने की मेरी भी इच्छा थी, लेकिन मैं क्या करूं, बहुत स्पीकर्स हैं। डा. पी.सी. अलेक्जैंडर।

DR. P.C.ALEXANDER (Maharashtra): Mr. Vice-Chairman, Sir, I thank you for giving me an opportunity to participate in the discussions on the Motion of Thanks to the President's Address. I am conscious of the fact that this is the last opportunity for me to participate in a discussion the President's Address because in a very short time I will be completing my tenure in this House.

I mention this because I would like to raise a few basic issues regarding the functioning of our democracy and share with you some of my concerns about the directions that our democracy has taken in recent years. I will be basing my speech mainly on the observations made by the President in her speech on three points. And my fourth point will be on a conspicuous omission that I wish to point out in the President's Speech.

My first point, Sir, is concerning the last paragraph of the President's Speech which gives a ringing exhortation to the people of this country about the functioning of democracy in our country. I quote this sentence. It is a very inspiring sentence. It says, "Therefore, what you say and do in these hallowed portals of democracy will have a bearing not just on the destiny of our people, but also on the future of democracy and free societies around the world."

Sir, the question that I wish to raise before the hon. House is this. Is this assumption about the health of our democracy really justifiable? We are implementing the parliamentary system of democracy for the last 60 years. The foundations for this system were truly laid by the greatest democrat of that time, not the greatest democrat of India, but the greatest democrat of that time, Pandit Jawaharlal Nehru. By the time he finished his 18 years of stewardship of the State, people had begun to feel confident that our democracy was on proper lines. But if we now look at the direction our democracy has taken and the manner in which it is functioning in our country, I feel genuinely concerned whether we will last as a democracy for a long time. The basic principle of Parliamentary democracy is that it has to be founded on a sound and healthy party system. Some other systems of Government can be practised without reference to political parties, but the Parliamentary system can function only if you have a good, healthy and sound party system in the country. Let us ask ourselves this question honestly. Do we have a good party system in this country? At any rate taking into account the manner in which parties are functioning today, can we call that really healthy? Or, have we distorted the basic concepts of democracy in the working of our parties? How can we think of having a healthy democracy at the Government level, if at the party level we do not practise democracy? It is unthinkable because it is a contradiction to have democracy being implemented by political parties which do not practise democracy within the parties. I am concerned, Sir, at the trend that has set in today, by which parties are run without any elections. The people seem to have forgotten that the functionaries of the parties have to be elected according to the will of the party members. But we have converted elections into nominations. And, the culture that is prevailing in most political parties, with the exception of three, or, four, which I do not want to name today, is the nomination culture masquerading as elections. It is all settled somewhere as to who is to be the President of the State party, who is to be the convenor of this, or, the chairman of that, and, then, there are supposed to have been approved by the people through elections. This will eat into the

vitals of the political system in our country. After some time, a whole generation will grow up thinking that this is how party system should be done, and, then, our democracy will get completely devalued. Sir, this is a warning signal that I am raising, after deep study and full sense of responsibility. When the Freedom House conducted a survey of 193 countries of the world, they listed only 90 countries as democracy; they had listed 60 countries as partly democratic and the rest has non democratic. India has been included in the 90 countries. But if the present trend, continues for some more years, of dispensing with elections at the party level, depending entirely on nominations, we will very soon get into the category of partly-democratic countries. And, God knows what will happen then. The way the Parties are being run by individuals would really be a matter of envy for the great dictators of the world . That generation dictators has gone. They also called themselves democratic and we looked at them with contempt; but this is the way our Parties are being run today. Certain individuals run the parties as it God has given them the wisdom and the right to do so and we call that democracy. If we continue this trend, we will not be justified in claiming that the world outside will be looking to us for inspiration and our democracy will be having greater lustre and eminence.

The second point connected with the future of democracy I wish to flag on this occasion is the devaluation of the institutions of democracy. Sir, how many minutes are given to me?

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Fifteen minutes.

DR. P.C. ALEXANDER: Thank you, Sir. I don't have the time to refer to devaluation of all the institutions of democracy. But let me take the devaluation of the institution to which we all belong, namely of the institution of legislature. Sir, among all the institutions of democracy, namely, legislature, executive, Civil Service, Judiciary for forces and non-political military service, the most important is the one in which we are members, the legislature. Can we honestly say, Sir, that the legislatures in our country at the central level and at the State level are being run in the manner in which the legislatures should be run?

Sir, I came to this House six years ago. Looking around the Benches, I could see some of the brilliant parliamentarians, some very brilliant minds in this House and I always used to tell my friends that the Rajya Sabha is very rich in talents. On this side and that side and in the back Benches of the nominated Members, we find men of outstanding talents. But do you give them a chance to participate in debates, to contribute to the working of democracy in this hallowed institution? Do we find even the most talented people being able to make their contribution effectively in the legislature? Do we discuss the problems which should be really worrying us almost day-to-day as the custodians of democracy in this country. Take some of these problems. Farmers are committing suicide, not in hundreds but in thousands. The Rural Employment Guarantee Scheme is supposed to be the star scheme and I agree it has to be the star scheme for fighting poverty. There are issues like the corruption in this country, the all-pervasive corruption that is eating into the vitals of our nation. Do we get the time to discuss any of these issues in depth ? The only debate that I can recall, which has been seriously conducted in this House both by the Opposition and by the Government and which will stand out as one of the best debates this House has witnessed in the past six years that I know of , was the debate on the 'Indo-US Nuclear Cooperation.' But what about the other subjects which are of equal importance to us? Why are we not spending days to consider them, discuss them and why are we not giving freedom to the Government Benches to express their views during those discussions? No voting is involved, but still a whip is

indirectly given to them not to oppose Government policies, most unlike the working of democratic institutions in western countries. We really have to revise the way we conduct our own business in this House. Otherwise, this institution will get devalued and become a subject of ridicule.

Sir, let me raise another warning signal. The problems, which should be worrying us, causing us sleepless nights, seem to be completely forgotten and we try to build up our dreams and to live in a dream world of our own. We go about telling the people that in twenty years' time or now in twelve years' time, India is going to be one of the developed countries of the world. By merely making *bhasans* to people who are not aware of facts and figures that by 2020 India will join the ranks of the most developed countries of the world, we are deceiving them and we are deceiving ourselves. It is because as I see the situation today, most unlikely, we will — and I say again with full sense of confidence and with all humility — reach most unlikely the levels of the developed countries of the world even in a hundred years. Sir, the United Nations Development Programme Report is very significant. They have put us down at the 128th rank in the countries of the world from the point of view of human development based on income, literacy or education and healthcare. Our per capita income is one-tenth that of the developed countries. The UNDP Report says that even if the developed countries do not add one dollar to their income and remain static and India tries to reach that level, it will take one hundred years to reach that level. When that is the reality and when we have to face that problem with that reality in mind, we go on telling people that within 12 or 20 years from now, we are going to enter into the ranks of the developed countries of the world. Selling dreams is easy, Sir. You can win votes for five years but you cannot be doing this every fifth year because you will get into trouble. Once the disillusioned masses feel the winds of change and feel the winds of what is happening in the country, the distortions in the distribution of wealth, they are not going to keep quiet. And then our democracy itself would face new problems which may be dangerous for its very existence.

I now come to strategies for development. Since the time is limited, I would refer to only the main strategy that should be relied upon, that is, the Rural Employment Guarantee Act. I have great faith in this Act; I have great faith in this scheme. Mr. Manohar Joshi was Chief Minister of Maharashtra when I was the Governor of the State. During the ten years that I was Governor of Maharashtra, the State had contributed so much to the reduction of unemployment in rural areas that they had practically snubbed the edge of poverty, the de-humanising poverty in certain rural areas of the country. The Employment Guarantee Scheme, according to the President, is expected to soften the sharp edges of poverty and offer basic livelihood and security. Sir, the way we have started does not give me any hope; if this scheme is implemented, We may spend Rs. 20,000 crores, but the number of households helped, the number of unemployed people assisted, will be much less than what we have ever bargained for. I will give you one piece of statistics which should make us think about the direction in which this scheme has been proceeding. It has been seen from the report published by the Ministry that during the year 2006-2007, 2.10 crores of households have benefited by the Employment Guarantee Scheme. I request the House to note these figures carefully. According to the published report of the Ministry of Rural Development during the year 2006-07, 2.10 crores of households have benefited from the scheme. But if you go deep into the report — not that report but other reports published by the same Ministry — you will find that, in the same year, when you claimed that 2.10 crores of households have benefited, actually, only 37 days was the average number of days when employment was provided. While 100 days' employment has been provided for in the Act, only 37 days of

average employment had been provided during this period. Where are the 100 days? Where are the 2.10 crores of households said to have benefited by the scheme? Not only that, only 7.59 lakhs of households out of the 2.10 crores of beneficary had received 100 days of employment. This is a dismal story. This is not the way that this scheme should have started. If we go at this rate, people would lose confidence in that. And, therefore, it is time that a Parliamentary Committee is appointed to give a new direction to this scheme and to ensure that the hopes and aspirations of those who introduced this scheme are really fulfilled on proper lines on which this scheme was expected to be implemented.

One simple point that I will mention as a success story in Maharashtra. They gave practically complete flexibility to the local bodies and to the local officers to decide about entitlement and the type of employment to be given and one direction they gave was that they can link the Rural Employment Scheme with Horticulture Development Scheme. It was a wonderful decision. The result was, Maharashtra which had hardly 173 thousand hectares of horticulture in 9 or 10 years, from 1990 to 2000, because of the linkage of the Employment Guarantee Scheme with the Horticulture Development Scheme, the number of hectares under employment cultivation increased from 117 thousand to 971 thousand hectares and women were the greatest beneficiaries. Instead of asking them to dig mud and carry heavy loads on their starved heads and bodies, they were doing cultivation, which they like even without assistance, of fruits and vegetables and they earn much more than they could. Like that, we could give direction and there should be some special committee of the Parliament to give direction. Otherwise, this ambitious scheme can go waste. Sir, I now come to the most important point that I wish to make and that is with regard to some of the real sad problems of our nation which seem to have escaped our attention and concern. We speak of poverty, but the type of poverty that our people have is what Arjun Sengupta has brought out in his Report. I do not know whether he is present here. It is a very useful and valuable Report on the unorganised sector in our country and we got that astonishing figure that 79 per cent of 395 million workers in the unorganised sector are living with Rs.20 a day or less. To keep a cat in our house or to keep a dog in our house, we have to spend, at least, Rs.300 or Rs.400 a month, and here we are keeping our own workers, our own flesh and blood, calling them workers in the unorganised sector, and allowing them to live within Rs.18 or Rs.20 a day. Arjun Sengupta Report has not even been brought before this House. I wonder why it is not being discussed in this House. Such a Report should have got top priority over many other reports and should have been discussed here. But we have not done it. These are the points that arise from the Speech. There is my last point and that is an omission in the Speech. I do not, Sir, why there was no mention of it in the Speech. When all other matters have been discussed and when a whole catalogue of scheme has been introduced or referred to, why we — those who drafted the Speech — have not advised the President to say a paragraph on all pervasive corruption that has destroyed all development schemes as is threatening to put us back to where we were even 10 years earlier. Sir, to speak about corruption is to invite criticism because people say that they have heard the story before or they will say put your search light inside and see whether your civil servants are not corrupt or more corrupt than we politicians. Whatever we may say, Sir, the unfortunate situation today is that civil servants, and that to senior civil servants, politicians, educationists, and even those who control the temples, mosques and churches are also indulging in corruption. And, this corruption is so prevalent that we are all tolerating it as if nothing is of consequence in this land of Mahatma Gandhi. It is not only a tragedy but it is a crime. The greatest man ever born in this

world in the 20th Century, Mahatma Gandhi, is great not because he gave us freedom, others have given freedom to their countries; not because he showed us a new way of attaining freedom, others have followed different course; the greatest claim for his greatness as Mahatma is cleanliness in public life, absolute, impeccable, unquestionable integrity. In his land, if we have descended to this level of corruption, no amount of praise for the development schemes will be of any avail. Therefore, this has been a conspicuous omission in the speech. With these words, I conclude my speech.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Now, Shri Ali Anwar.

श्रीमती जया बच्चन : सर, एक मिनट। जोशी जी जा रहे हैं, I have just heard his speech and he has made certain comments about Maharashtra, and I would like to say, because it is going to be recorded, that the entire version of his has not reflected exactly what has happened.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): You can say about it when your chance comes. Now, Shri Ali Anwar.

श्री अली अनवर (बिहार) : शुक्रिया, महोदय। यह अजीब इतफाक है कि जब आप वहां होते हैं, तभी हमारा नंबर यहां आता है।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): But, I will not give you more time.

श्री अली अनवर : महोदय, इसी तरह से हमारी मेडेन स्पीच हुई थी। जोशी साहब चले गए। उन्होंने इस बात पर खुशी जाहिर की कि पहली दफा हम लोग मैडम प्रेसिडेंट की स्पीच पर धन्यवाद प्रस्ताव को लेकर बहस कर रहे हैं। उन्होंने इस बात पर भी खुशी जताई कि मैडम प्रेसिडेंट उन्हीं के सूबे महाराष्ट्र की हैं। हम लोगों को भी इस बात पर खुशी है, पूरे देश को खुशी है, लेकिन जब हम लोग उनकी स्पीच को सेंट्रल हॉल में बैठकर सुन रहे थे, तो एक बात मन को कचोट रही थी कि आज देश की एकता और अखंडता को लेकर एक बहुत बड़ा खतरा पैदा हो गया है। उस खतरे की आवाज खुद महाराष्ट्र से आ रही है, असम से आ रही है, वहां उत्तर प्रदेश और बिहार के लोग और दूसरे सूबे के लोगों को मारा-पीटा जा रहा है, जलील किया जा रहा है, उनका कत्लेआम हो रहा है। यह केवल उत्तर भारतीयों की पीड़ा का सवाल नहीं है, यह पूरे देश का मामला है और उसकी ध्वनि राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में कहीं भी, एक वाक्य में भी नहीं सुनाई पड़ती है।

महोदय, जितने हल्के ढंग से माननीय जोशी जी ने इस के सवाल को लिया है, मैं कहना चाहता हूँ कि महाराष्ट्र में पिछले दिनों जो कुछ हुआ, जो असम में लगातार घटनाएं हो रही हैं, वे एक बड़ी बीमारी का लक्षण है और यह बीमारी फैल सकती है, आगे उत्तर प्रदेश में हो सकती है, बिहार में हो सकती है, बंगाल में हो सकती है, उत्तर भारत और दक्षिण भारत के किसी राज्य में हो सकती है। इससे पूरे देश की एकता और अखंडता के लिए खतरा पैदा हो सकता है। इसीलिए इस मामले को इतने हल्के ढंग से नहीं लेना चाहिए। मैं आपको बताऊंगा कि जिन दिनों यह वारदात वहां हो रही थी, उन दिनों मैं वहीं महाराष्ट्र मुंबई में था। दो-दो कमिटियां वहां गई थीं, संयोग से मैं दोनों कमिटियों का मैम्बर था और दो दिन एक कमिटी के मैम्बर के नाते और दो दिन दूसरी कमिटी के मैम्बर के नाते, चार दिन मैं वहां रहा और वहां के हालात को देखा। वहां के बुद्धिजीवियों से बात की, वहां के ड्राइवर से बात की, होटल में वहां जो दूसरी जगह के लोग ठहरे थे, उनसे बात की, अपने रिश्तेदारों और दोस्तों से बात की। लोगों ने कहा, मैं नाम नहीं लेना चाहता, कि पंजाब के अंदर किसी जमाने में जिस तरह का *भस्मासुर* पैदा किया गया था, उसी तरह का *भस्मासुर* महाराष्ट्र में भी पैदा करने की कोशिश हो रही है। महोदय, मैं कहना चाहता हूं, मैं बताऊंगा, आज़मी साहब, कौन कर रहा है, आपका भी हम जिक्र करेंगे। महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि यह वहां के लोग कह रहे थे, वहां के लोग, वहां के बुद्धिजीवी, वहां के सियासी मामलों के जानकार और पत्रकार कह रहे थे कि एक पार्टी का inner conflict था और बाला साहब ठाकरे को नीचा दिखाने के लिए, उनकी ताकत को कम दिखाने के लिए, एक दूसरे शख्स को, जिसकी औकात बहुत कम थी, उसको बढ़ाने की कोशिश एक सियासी पार्टी कर रही है।

पंजाब में भी ऐसा किया गया था और उसके बाद नतीजा क्या हुआ, कितनी बड़ी कीमत इस देश को चुकानी पड़ी। *फिर वही बेतलवा डाल पर*, फिर वही हश्र हो रहा है। अभी जोशी साहब ने और दूसरे लोगों ने कहा कि लाठी बांटने की बात होती है, फिर तलवार बांटने की बात होती है, मैं कहना चाहता हूं कि ये दोनों तरह की बातें गलत हैं, लाठी बांटने की बात भी गलत है और तलवार बांटने की बात भी गलत है। मैं उससे भी एक कदम आगे बढ़कर कहना चाहता हूं कि कई बार ऐसा होता है कि लाठी बांटने की बात करने वाले लोग और तलवार बांटने की बात करने वाले लोग किसी होटल में मिलते हैं रात के अंधेरे में, यह तय करके कि तुम्हारे गरम बात बोलने से हमारी सियासत चमकेगी और हमारे गरम बात बोलने से तुम्हारी राजनीति परवान चढ़ेगी। ...(**व्यवधान**)... इस तरह की भी बात करते हैं। ...(**व्यवधान**)... अब हमारी बात सुन लीजिए, आपने अपनी बात कही है। ...(**व्यवधान**)...

श्रीमती जया बच्चन : आप तो वहां घूमने गए थे, हम तो वहां रहते हैं, प्लीज़ यह बात मत करिए।

श्री अबू आसिम आज़मी (उत्तर प्रदेश): मैंने इनको बुलाया था, ये क्यों नहीं आए। पूछिए, पूछिए इनसे कि ये क्यों नहीं आए। ...(**व्यवधान**)...

†[شری ابوعاصم اعظمی: میں نے ان کو بلایا تھا، یہ کیوں نہیں آئے۔ پوچھئے ان سے کہ یہ کیوں نہیں آئے۔ ـــمداخلتـــ]†

श्री अली अनवर : महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं कि यह एक जगह का मामला नहीं है, इस तरह की सियासत करने वाले लोग आपस में ऊपरी तौर पर मिले होते हैं और उसका खमियाजा हमेशा जनता को और आम लोगों को भुगतना पड़ता है। इसलिए, इन बातों को मैं नहीं बोलना चाहता था, लेकिन हमारे पूर्ववक्ता ने इस तरह की बात रखी है, इसलिए मुझे यह दोहराना जरूरी हो गया।

मैं अब आता हूं राष्ट्रपति जी के सम्बोधन पर। महोदय, अपनी स्पीच में उन्होंने प्रधानमंत्री के 15 सूत्री कार्यक्रम की चर्चा की है। मैं कहना चाहता हूं कि अब प्रधानमंत्री का जो 15 सूत्री कार्यक्रम है, वह एक सफेद हाथी की तरह है। एक आदमी को स्टेट मिनिस्टर का दर्जा मिल जाता है, उसके बाद वह लाल बत्ती लेकर घूमता रहता है। प्रधानमंत्री के 15 सूत्री कार्यक्रम के नाम पर अक़लियत के लोगों का, कोई भला नहीं हुआ है। इसमें कहा गया है कि *निर्दिष्ट अनुपात में विकास परियोजनाएं अल्पसंख्यक बहुल इलाकों में स्थित होंगी और जहां संभव होगा, विभिन्न स्कीमों के तहत उद्देश्यों और परिव्ययों का 15 प्रतिशत अल्पसंख्यकों के लिए विनिर्दिष्ट होगा।* यह पंद्रह परसेंट खर्चा नहीं होता, आज भी जो सरकार सच्चर कमेटी के बहाने कह रही है कि हम लोग यह कर रहे हैं, हम वह कर रहे हैं, यह सिर्फ वादे की बात है। इसमें कुछ भी concrete नहीं है, कुछ भी time bound नहीं है, यह election manifesto की तरह है। वह चाहे इनका बजट भाषण हो, चाहे राष्ट्रपति जी का अभिभाषण हो। महोदय, हम कहना चाहते हैं कि सच्चर कमेटी का ढिंढोरा तो बहुत पीटा गया, लेकिन सच्चर कमेटी की चार सौ पेज की रिपोर्ट है और अगर सिर्फ कुछ स्कॉलरशिप्स ही बांटनी थीं, कुछ स्कूल ही खोलने की बात थी, कुछ बैंकों से लोन देने की बात थी, तो सच्चर कमेटी बनाने की क्या जरूरत थी? इतनी बड़ी स्टडी कराने की क्या जरूरत थी? आप स्कूल खोल सकते थे, आप वजीफे दे सकते थे, सौ लोगों को देते थे, पांच सौ लोगों को दे देते, इसमें इतना बड़ी स्टडी कराने की और इतनी हाय-तौबा मचाने की क्या जरूरत थी?

महोदय, हम कहना चाहते हैं कि सच्चर कमेटी ने कई और बातों की तरफ भी, जो देश के दस्तकार हैं, जो देश के artisans हैं, जो देश के शिल्पी हैं, जो बुनकर हैं, उनकी हालत सुधारने के लिए भी कई सुझाव दिए हैं। क्या हुआ उन सुझावों का? वे बजट में कहां हैं? वे राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में कहां हैं?

महोदय, इस देश में आज भी खेती के बाद सबसे ज्यादा रोज़गार अगर कहीं मिलता है, तो वह बुनकरी के धंधे से मिलता है और बुनकरी का जो धंधा है, वह कोई कूड़ा-कचरा पैदा नहीं करता, उससे कोई पॉल्यूशन नहीं होता, लेकिन महोदय, क्या हालत है? 60 हज़ार करोड़ आपने किसानों का माफ कर दिया, यह अच्छी बात है, हम सभी उसमें खुश हैं, हम सबकी रज़ामंदी है, लेकिन हम कहना चाहते हैं कि हमारे

†[ ]Transliteration in Urdu Script.

यहां भोजपुरी में एक कहावत है कि "जैसे मुर्दा पर साठ मन, वैसे एक मन और", तो हम कहना चाहते हैं कि 60 हज़ार करोड़ आपने किसानों का माफ कर दिया, लेकिन 1 हज़ार करोड़ रुपया इस देश में बुनकरों पर भी बकाया है, उनका कर्ज़ा आपने क्यों नहीं माफ किया? इस देश में अगर किसान आत्महत्या कर रहा है तो इस देश में बुनकर भी आत्महत्या कर रहा है, बुनकर भी suicide कर रहा है। खबरें अखबारों में छपती हैं कि कहीं बनारस में कोई औरत अपने ढाई साल के दुधमुंहे बच्चे को 2 हज़ार में बेचती है, इसलिए कि कई हफ्ते से उसके घर में चूल्हा नहीं जला है। कोई औरत नकाब पहनकर सरकारी अस्पताल में जाती है और ढाई सौ रुपए में अपना खून बेचकर आती है। लोग suicide कर रहे हैं, हज़ारों लोगों का पलायन हो रहा है। महोदय, यहां दिल्ली के अंदर red lights पर आप देखिएगा कि औरतें जो फूलों के गजरे बेचती हैं, जिसे औरतें बालों में लगाती हैं, वह फूल का गजरा बेचने वाली आंध्र प्रदेश की महिलाएं हैं, बुनकर महिलाएं हैं। यहां हज़ारों की तादाद में बुनकर बिहार और उत्तर प्रदेश से आकर रिक्शा चला रहे हैं। जो हाथ बेहतरीन कपड़े बना सकते थे, अब उन्हीं हाथों में ठेला पड़ रहा है और वे आज ठेला चला रहे हैं और रिक्शा चला रहे हैं।

महोदय, पिछली 9 मई को, इसी सदन में, मेरे सवाल के जवाब में बाघेला साहब ने कहा था कि 8 सौ करोड़ से लेकर 12 सौ करोड़ का आकलन किया गया है कि बुनकरों पर कर्ज़ है। उसकी माफी के लिए पी.एम.ओ. से हमारी बातचीत चल रही है। आप यह मंगाकर देख लीजिए और उन्होंने कहा था कि हमारी उम्मीद है कि हम यह माफ करेंगे। उन्होंने कहा था कि किसानों को जिस rate of interest पर, 7 परसेंट interest पर कर्ज़ मिलता है, उसी rate of interest पर हम बुनकरों को कर्ज़ देंगे, लेकिन एक बहुत बड़ा छल हुआ है, एक बहुत बड़ा धोखा हुआ है।

महोदय, हम कांग्रेस पार्टी के अपने भाइयों से कहना चाहते हैं कि ये जो बुनकर हैं, ये जो दस्तकार हैं, कोई हम आप पर आक्षेप करने के लिए बात नहीं कर रहे हैं। आप अपने कलेजे पर हाथ रखकर देखिए कि आज़ादी के पहले से यह जो बुनकर समाज है, यह artisan समाज है, वह कांग्रेस के साथ रहा है। जो nationalist फोर्सिज़ हैं, उनके साथ रहा है। लेकिन आपने निश्चित को छोड़कर अनिश्चित को चुना है। संस्कृत में एक श्लोक है - योध्रुवाणी परित्यज्य, अध्रुवाणी निषेवते। जो निश्चित को छोड़कर अनिश्चित की तरफ दौड़ता है, अनिश्चित तो अनिश्चित है ही, उसका निश्चित भी अनिश्चित हो जाता है — यह मैं अपने कांग्रेस के भाइयों से कहना चाहता हूं। मैं यह कहना चाहता हूं कि जब बच्चा मां के गर्भ से पैदा होता है तो उसकी नाभि काटने के क़ाम आने वाला सूत नारा कहा जाता है। उस नार को बांधने के लिए जो तागा होता है, बुनकर उस तागे को पैदा करता है। इसी प्रकार बुनकर कफन भी पैदा करता है — इस बात को भी आप जान लीजिए। अब यह कफन लेकर निकलेगा और आपको बताएगा। इसका सियासी खामियाजा आपको भुगतना पड़ेगा। आपने वादा करके वादाखिलाफी की है* साठ हजार करोड़ रुपया किसानों का माफ किया, लेकिन आप आठ सौ या एक हजार करोड़ रुपया बुनकरों का माफ नहीं कर सकते हैं।

महोदय, मैं एक और बात कहना चाहता हूं। कल आप ही का सवाल था। मुझे मौका नहीं मिला। हमारे तारिक अनवर जी को पहले मौका मिल गया। आज मेरे बाद तारिक अनवर जी का नाम है। मैं कहना चाहता हूं कि सच्चर कमेटी का ढिंढोरा बहुत पीटा गया। मीडिया को बुलाकर प्रधान मंत्री जी फोटो खिंचवाया। सच्चर कमेटी से ज्यादा पॉवरफुल कमेटी कमीशन ऑफ इन्क्वायरी एक्ट के तहत गठित रंगनाथ मिश्र कमीशन है। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस को आपने उस कमेटी का चेयरमैन बनाया — आप ही की सरकार ने बनाया था। 11 महीने हो गए हैं। रंगनाथ मिश्र कमीशन की रिपोर्ट को आप क्यों नहीं टेबल कर रहे हैं? आपको क्या हक है, कल श्रीमती मीरा कुमार आप ही के सवाल के जवाब में उस रिपोर्ट से कोई बात कोट करके बता रही थीं और बहुत नियम और प्रक्रिया का हवाला दे रही थीं। हम सदन से कहना चाहते हैं कि यह सदन का अपमान है। आप 11 महीने से रंगनाथ मिश्र कमीशन की रिपोर्ट को रखे हुए हैं, उसे हाउस में ले नहीं कर रहे हैं — बहस कराने और उस पर कार्यवाही करने की बात तो दूर रही — और नियम और प्रक्रिया का हवाला देते जा रहे हैं। जनता बेवकूफ नहीं है। दलित मुसलमान और दलित इसाई इस बात को समझते हैं। आप उन्हें घुमाए जा रहे हैं। महोदय, जब इस देश का संविधान बना।

* Expunged as ordered by the Chair.

हमारे सिख भाई उस समय दलित की केटागरि में नहीं थे। बाद में उनको दलित की केटागरि में शामिल किया गया। वे भी अकलियत के लोग हैं। हमारे एक मित्र संविधान की धारा 16 और 29 का हवाला देते हुए कह रहे थे कि माइनॉरिटी का स्टेटस और शेडयूल्ड कास्ट का स्टेटस कैसे मिल सकता है? महोदय, इसमें कोई विरोधाभास नहीं है। हम कहना चाहते हैं कि जैसे सिख भाइयों को शेडयूल्ड कास्ट का भी स्टेटस है। शेडयूल्ड कास्ट में भी दलित सिख हैं और वे माइनॉरिटी में भी हैं तो फिर मुसलमान और इसाई क्यों नहीं माइनॉरिटी के हो सकते? माइनॉरिटी के लिए अलग से कोई रिज़र्वेशन नहीं मिलता है। चाहे मुसलमान हों, चाहे इसाई हों, नौकरी में मुसलमान करके कोई रिज़र्वेशन नहीं है, यहां असेंबली और पार्लियामेंट में मुसलमान और इसाई करके कोई रिज़र्वेशन नहीं है। जब वी.पी.सिंह जी की सरकार बनी थी तो उन्होंने नव बौद्धों को भी दलित की केटॉगरि में रखा। दलित मुसलमान के मामले पर, दलित इसाई के मामले पर एक कंसेंसस बन गया है। मज़हब की बुनियाद पर उनके साथ तफरीक हो रहा है। संविधान के आर्टिकल 14, आर्टिकल 15 और आर्टिकल 16 मजहब की बुनियाद पर किसी तरह के तफरीक की मनाही करता है। इसलिए महोदय, यह बात अब आ गयी है। अब आप घुमा रहे हैं, इसको बैकवॅर्ड कमीशन में ले गए। क्यों ले गए? जब सिख भाइयों को शामिल किया गया था तो उनको एक झटके में शामिल कर दिया गया था, इस तरह से घुमाया नहीं गया। .....(घंटी)..... वी. पी. सिंह साहब ने नवबौद्धों को शामिल किया, लेकिन आप शैड्यूल्ड कॉस्ट के बारे में ऑपिनियन ले रहे हैं। महोदय, यह केवल टाइम पास करने की बात है। हम कहना चाहते हैं कि गरीबों को यह अनुभव है कि चुनाव से पहले ही उनको कुछ मिलता है, चुनाव के बाद कुछ भी नहीं मिलता है। महोदय, आपने भी दलित इसाई का सवाल उठाया है। यह एक जेन्युअन सवाल है, इस देश की मिट्टी का सवाल है और इस सवाल पर पार्टीबाजी नहीं होनी चाहिए। इस सवाल पर किसी तरह की राजनीति नहीं होनी चाहिए।

उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन) : कंक्लूड कीजिए।

श्री अली अनवर : महोदय, हम कंक्लूड कर रहे हैं। 1950 का जो प्रेजीडेंशियल आर्डर है, हम तो यह भी गुमान कर रहे थे और राष्ट्रपति महोदया से यह उम्मीद रख रहे थे कि उनका जो सम्बोधन होगा, उसमें वे राष्ट्रपति का 1950 का जो आदेश है, उसको वापिस कर लेंगी, उसी आदेश के जरिए किसी शैड्यूल्ड कॉस्ट कमीशन में जाने की जरूरत नहीं है, बैकवॅर्ड कमीशन में जाने की जरूरत नहीं है। जब वी0पी0 सिंह की सरकार थी, तब केवल सेंसस कमिश्नर से पूछ कर के नव बौद्धों को शामिल कर लिया गया था। आप सिखाइए मत, आप घुमाइए मत, इनको शामिल कर लीजिए तथा इनको शैड्यूल्ड कॉस्ट का स्टेटस दे दीजिए। आखिरी बात, महोदय, हमको दो मिनट और दे दीजिए।

महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि यह पौलिटिकल मामला है, सुप्रीम कोर्ट इस पर फैसला देने जा रहा था। शैड्यूल्ड कॉस्ट के स्टेटस के लिए इसाई भाइयों का सुप्रीम कोर्ट में मुकदमा था। लेकिन भारत सरकार के एटार्नी जनरल ने कोर्ट को रोका। वैसे वह मामला फैसले के स्टेज में आ गया था, उसकी सुनवाई हो चुकी थी, उसकी हियरिंग हो चुकी थी, केवल फैसला होने वाला था। भारत सरकार के एटार्नी जनरल ने कहा कि यह मामला बहुत सेंसेटिव है, पौलिटिकल है, इसलिए मेहरबानी कर के इस पर आदेश मत दीजिए, हम इस पर कार्यवाही करेंगे तथा इसमें हमको छः महीने का अवसर दे दें। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उनको छः महीने का समय नहीं दिया, छः हफ्ते का समय दिया। उसी के बाद रंगनाथ मिश्र कमीशन के टर्म्स ऑफ रेफरेंस में 'अन्य धर्मों में दलित की पहचान का काम' मामला उनको सौंपा गया। जब पहले रंगनाथ मिश्र कमीशन बना था तब यह मामला उनके जिम्मे नहीं था। अब उस कमीशन की रिपोर्ट आ गई है और दूसरी बड़ी बात यह कि इस देश का जो राजनीतिक नेतृत्व है, अभी हमारे साथी बी0एस0पी0 के नेता बोल रहे थे उनकी पार्टी का समर्थन है, मुलायम सिंह जी की पार्टी का समर्थन है, लालू जी का समर्थन है, हमारी पार्टी का, नीतीश कुमार जी जब एम0पी0 थे, तब उन्होंने संसद में इस सवाल को उठाया था। करुणानिधि जी ने समर्थन किया है, तमाम लोगों ने समर्थन किया है। उत्तर से, दक्षिण से, पूरब से पश्चिम से चारों तरफ समर्थन हो रहा है। आप इसको किस बात के लिए घुमा रहे हैं और किस को बेवकूफ बना रहे हैं। इसलिए अपने कांग्रेस के भाइयों से कहना चाहते हैं कि यह कोर्ट के दायरे से बाहर है और शैड्यूल्ड कॉस्ट

कमीशन के अध्यक्ष श्री बूटा सिंह जी ने भी इसकी सिफारिश कर दी है, तमाम पार्टियों ने इसकी सिफारिश कर दी है। बाकी लोगों से भी हमारी प्रार्थना है, हाथ जोड़ कर उनसे गुजारिश है कि दलित मुसलमान और दलित इसाइयों के मामले को, बुनकरों के मामले को पार्टी से ऊपर उठ करके विचार करें। कितने दिन हमको इंतजार कराइएगा। 60 साल हो गए, हमारे लोग तड़प रहे हैं। इसलिए महोदय, आप सबके समर्थन के लिए गुजारिश करते हुए हम अपनी बात समाप्त करते हैं। धन्यवाद।

श्री तारिक अनवर (महाराष्ट्र) : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। उपसभाध्यक्ष महोदय, राष्ट्रपति का अभिभाषण किसी भी सरकार के कार्यकलाप का और उसकी नीति का आइना होता है। राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में सम्भवत: सारे पहलुओं को छूने का प्रयास किया है। भविष्य में सरकार का क्या लक्ष्य है, क्या नीति है, उस पर भी उन्होंने रोशनी डाली है।

मैं अपने उन साथियों से सहमत नहीं हूं जिन्होंने अपने भाषण में यह कहा है कि पिछले 4 सालों में कोई भी ऐसा काम नहीं हुआ है, जिसकी सराहना की जाये और उन्होंने यह भी कहा है कि यह सरकार दिशाविहीन रही है, यह सच्चाई नहीं है। राष्ट्रपति जी के अभिभाषण को देखने के बाद वह तमाम चीजें स्पष्ट रूप से सामने आती हैं कि पिछले 4 वर्षों में क्या-क्या महत्वपूर्ण निर्णय इस सरकार द्वारा लिए गए और किस तरह से सरकार इस देश को आर्थिक रूप से आगे बढ़ाने के लिए, सामाजिक रूप से मजबूत करने के लिए और सभी समुदाय, सभी वर्ग के बीच में एक समन्वय बनाते हुए इस देश को आगे ले जाने का काम यह सरकार कर रही है। भारत निर्माण का कार्य, नेशनल रूरल एम्पलायमेंट गारंटी प्रोग्राम, सर्वशिक्षा अभियान, मिड डे मील प्रोग्राम, नेशनल रूरल हैल्थ मिशन, जवाहर लाल नेहरू अरबन रिनुअल मिशन, राइट टू इन्फॉरमेशन एक्ट इत्यादि बातों का जिक्र इस अभिभाषण में किया गया है। इसमें मुख्य रूप से जो भारत निर्माण की बात कही गयी है, मैं समझता हूं कि यह अपने आप में एक बहुत बड़ा व्यापक कार्य इस सरकार ने अपने हाथ में लिया है, क्योंकि आज जो भारत है, जिसे हम गांवों का देश कहते हैं, उस भारत की अवहेलना होती रही और 60 सालों में जितना विकास ग्रामीण क्षेत्र का होना चाहिए था, गांवों की जितनी उन्नति होनी चाहिए थी, वह नहीं हुई और इस सरकार के आने के बाद उस पर ध्यान दिया गया। भारत निर्माण की एक योजना बनाई और उस योजना के तहत गांवों को सड़क से जोड़ने का काम, गांवों में बिजली पहुंचाने का काम, पीने के पानी की व्यवस्था करने का काम, सर्वशिक्षा अभियान के माध्यम से बच्चों को शिक्षा देने का काम, उन गरीब बच्चों को जिनको शिक्षा प्राप्त नहीं हो रही थी, उन तमाम कामों की शुरूआत इस सरकार ने की और उसके लिए एक लक्ष्य निर्धारित किया है और उसकी ओर बढ़ने का काम किया है। यह ठीक है कि हमारा देश बहुत बड़ा है, महान है और हमारी समस्याएं भी उसी तरह से बड़ी हैं, महान हैं, उनका समाधान निर्धारित समय में नहीं हो सकता है, उसके लिए समय की आवश्यकता है, साधनों की आवश्यकता है, लेकिन यह जो तमाम कार्यक्रम हैं, उनमें इस सरकार की नीति और उसका क्या लक्ष्य है, यह उसको दर्शाता है। इसलिए मैं समझता हूं कि जो इस सरकार का एक लक्ष्य है, अगली जो 11वीं पंचवर्षीय योजना है, उसमें अभी जो हमारा ग्रोथ रेट 9 प्रतिशत है, उसको 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत पर ले जाने का लक्ष्य है। यह इस बात का संकेत भी है कि पिछले 4 साल तक लगातार हमारा जो ग्रोथ रेट रहा है, वह लगभग 9 प्रतिशत के आसपास रहा है, यह अपने आप में सरकार की एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। इस सरकार ने इस ग्रोथ रेट को लगातार 4 साल तक मेंटेन किया है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, सरकार ने इस अभिभाषण में सभी तबकों को छूने की कोशिश की है, शैड्यूल्ड कास्ट, शैड्यूल्ड ट्राइब्स, अदर बैकवर्ड क्लासेज़, माइनारिटीज़, सबकी जो आवश्यकताएं हैं, जो जरूरतें हैं, उन पर ध्यान दिया गया है। खासतौर पर शैड्यूल्ड कास्ट के लिए, उनके बच्चों को शिक्षा, उनके लिए स्कालरशिप की व्यवस्था की गई है, इसके लिए 900 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी है, जिं 30 लाख शैड्यूल्ड कास्ट के बच्चे लाभान्वित होंगे। उसी तरह से शैड्यूड ट्राइब्स के लिए 225 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इससे दस लाख ट्राइबल चिल्ड्रन लाभान्वित होंगे। इसके अतिरिक्त राजीव नेशनल फैलोशिप दी जाएगी। इंदिरा गांधी नेशनल ट्राइबल्स यूनिवर्सिटी बनाने का संकल्प भी है। इन

4.00 P.M.

बातों से यह साबित होता है कि समाज के जो कमजोर वर्ग हैं, उन पर भी सरकार का पूरा-पूरा ध्यान है। हम राजनाथ सिंह जी की उस बात से सहमत नहीं हैं, जो खासतौर से उन्होंने 15 सूत्री कार्यक्रम को लेकर मुस्लिम समाज के बारे में कही है। इस सरकार ने यह निश्चित किया है कि प्रधान मंत्री के 15 सूत्री कार्यक्रम के तहत वह अल्पसंख्यकों की भलाई के लिए काम करेगी। हम बहुत दिनों से यह सुनते आए हैं कि अल्पसंख्यक समुदाय का और खास तौर पर मुस्लिम समाज का वोट बैंक के लिए तुष्टिकरण होता है। महोदय, जस्टिस सच्चर कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद और जस्टिस रंगनाथ मिश्र जी की रिपोर्ट आने के बाद यह बात स्पष्ट हो गई और साफ हो गई कि जो बातें बहुत दिनों से कही जाती रही हैं, यह जो आरोप लगाया गया कि इस देश में मुस्लिम समुदाय का तुष्टिकरण हो रहा है, इसमें कोई सच्चाई नहीं है। सच्चर कमेटी की रिपोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि आज इस देश में जो मुस्लिम समुदाय के लोग हैं, उनकी स्थिति इस देश के दलितों के समकक्ष हो गई है। अगर यही स्थिति बनी रही और सरकार ने उस पर विशेष ध्यान नहीं दिया तो आने वाले समय में यह आबादी, यह जनसंख्या इतनी पिछड़ जाएगी कि इसको फिर से मुख्य धारा में जोड़ना बहुत कठिन होगा। महोदय, सरकार ने यह फैसला लिया कि जो जस्टिस राजेन्द्र सच्चर की रिपोर्ट है और जो उनके सुझाव हैं, उन पर अमल किया जाए। उसी को ध्यान में रखकर यह फैसला हुआ कि अल्पसंख्यकों के लिए या जहां अल्पसंख्यक समुदाय की संख्या ज्यादा है, ऐसे जिलों में या ऐसे क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने का काम यह सरकार करेगी और यह आवश्यक भी है। महोदय, अगर हमें इस देश को एक रखना है, इस देश को एक साथ लेकर चलना है, तो समाज का कोई भी वर्ग चाहे वह शैड्यूल्ड कास्ट हो, शैड्यूल्ड ट्राइब्स हो, चाहे पिछड़े वर्ग के लोग हों या जो आर्थिक रूप से पिछड़े हुए लोग हैं, उन सबको ऊपर उठाने की जिम्मेदारी सरकार की होती है। श्री सीताराम येचुरी जी ने ठीक कहा है कि किसी भी सभ्य समाज की पहचान इस बात से होती है कि उस समाज मे जो सबसे कमजोर वर्ग के लोग हैं, जो अल्पसंख्यक लोग हैं, उनकी स्थिति क्या है, उनके ऊपर उस सरकार की या समाज की क्या दृष्टि है, इस बात से एक सभ्य समाज की ही पहचान बनती है। अगर इस सरकार ने मुस्लिम समाज के लोगों को ऊपर उठाने के लिए और देश की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए यह फैसला लिया है, जब सरकार उनको मुख्य धारा से जोड़ना चाहती है, तो उसका विरोध क्यों किया जा रहा है! ऐसा करने पर सरकार के बारे में कहा जाता है कि यह वोट बैंक बना रही है। हम एक तरफ भारत के निर्माण की बात कर रहे हैं, भारत को बनाने की बात कर रहे हैं, उसको आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की बात कर रहे हैं, हम कह रहे हैं कि जो विश्व के विकसित देश हैं, भारत को उनकी पंक्ति में खड़ा करना चाहते हैं, तो क्या हम समाज के एक वर्ग को दरकिनार करके भारत को आगे बढ़ा सकते हैं? ऐसा करके क्या हम भारत को मजबूत कर सकते हैं ? आज हमें राजनीति से ऊपर उठकर इन बातों पर भी सोचने की जरूरत है। मैं समझता हूं कि जो हमारे मित्र इस तरह की बातें करते हैं, वे राजनीति से प्रेरित हैं। अगर हम देश और समाज को बनाने की बात करते हैं, तो हमें राजनीति से ऊपर उठने की जरूरत है और सबको एक साथ लेकर चलने की जरूरत है। सरकार इस बात का ध्यान रख रही है कि इस देश में रहने वाला कोई भी वर्ग अछूता न रह जाए, उसके साथ नाइंसाफी न हो और उसको हर तरह का अवसर मिले, मौका मिले।

महोदय, तस्वीर का एक दूसरा रुख भी है, जिसका ज़िक्र यहां कई वक्ताओं ने किया, कई माननीय सांसदों ने किया है। इसमें अर्जुन सेन गुप्ता कमेटी की रिपोर्ट के बारे में कहा गया। यह बात सही मायनों मे बहुत गंभीर है। मैं कोई अर्थशास्त्री नहीं हूं, लेकिन जो बातें मैंने पढ़ी हैं, सुनी हैं, देखी हैं, उससे अंदाजा होता है कि जहां हम एक तरफ गरीबी मिटाने की बात कर रहे हैं, गरीब और अमीर के बीच की खाई पाटने की बात कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ हमारे देश की 78 प्रतिशत आबादी को मात्र बीस रुपए रोजाना मिल रहे हैं। यह अर्जुन सेन गुप्ता कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर लिखा गया है, कहा गया है। यह मामला बहुत गंभीर है। यह चिंता का विषय है कि हम इसे किस तरह से ठीक कर सकते हैं। इसके लिए सरकार को कोई ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। इस बात को हम आगे आने वाले समय में कैसे ठीक कर सकते हैं, यह सोचने की बात है। हमारे समाज का जो सबसे कमजोर वर्ग है, अगर उसकी तरफ हमारा ध्यान नहीं जाएगा तो लोगों का लोकतंत्र में जो विश्वास है, आज की व्यवस्था में जो विश्वास है, वह विश्वास घटता जाएगा और फिर हमारे देश के अंदर जो इस तरह का एक दूसरा वातावरण बनाने की बात हो रही है, खूनी क्रांति की

बात हो रही है या हथियार उठाने की बात हो रही है या जिसे हम कह सकते हैं कि लोग एक्स्ट्रिमिज्म की तरफ जा रहे हैं, यह सारी चीजें हो सकती हैं। इसका लाभ उन शक्तियों को मिल सकता है, इसलिए उन्हें रोकने के लिए भी आवश्यक है कि हम ऐसा कदम उठाएं जिससे उस तरह के लोगों को उसका लाभ न मिले और सही मायनों में जो गरीब लोग हैं, उन्हें अहसास हो कि यह सरकार और यह व्यवस्था उनके पक्ष में है, हम उनकी मदद करना चाहते हैं।

जहां तक भारत निर्माण का सवाल है, भारत निर्माण के माध्यम से, जैसा मैंने शुरू में कहा कि अभी तक गरीबों को 40 लाख मकान दिए जा चुके हैं, 44,000 गांवों को सड़कों से जोड़ा जा चुका है, आज टेलीफोन भी देश के करीब-करीब सभी गांवों में उपलब्ध है, इसकी सुविधा उपलब्ध है। ये सारे काम हुए हैं, इनको करने की आवश्यकता थी।

रोजगार गारंटी योजना, मैं समझता हूं कि हमारे देश के लिए बहुत जरूरी थी, क्योंकि बेरोजगारी सारी बीमारियों की जड़ है। अगर हम बेरोजगारी का कोई रास्ता निकाल लें, लोगों को रोजगार दे दें, तो जो पलायन की बात होती है, खास तौर पर जो पिछड़े राज्य हैं, वहां से लोग दूसरे राज्यों में, महानगरों में जाते हैं, वहां वे खुशी से नहीं जाते हैं, कोई भी व्यक्ति अपने परिवार, अपने बच्चों, बूढ़े मां-बाप को छोड़कर नहीं जाना चाहता है। वह उसकी मजबूरी है, बच्चों के पेट की आग बुझाने के लिए, उनकी शिक्षा के लिए, उनके पालन-पोषण के लिए उसे पलायन करना पड़ता है। वहां जाकर उसे बेइज्जत भी होना पड़ता है, लेकिन इन सबके बावजूद भी इसलिए पलायन होता है, क्योंकि उसे गांव में रोजगार नहीं मिलता है। सरकार ने यह जो कदम उठाया है, यह सौ दिन का है, मैं मानता हूं कि यह कम है, परंतु सरकार ने यह अच्छा निर्णय लिया है कि देश के सभी जिलों में इसे लागू कर दिया है। पहले तो कुछ सीमित जिलों में था, अब इसे पूरे देश के पैमाने पर कर दिया है। यह अच्छा काम हुआ है, लेकिन इसे 365 दिन करना चाहिए। पूरे वर्ष करना चाहिए ताकि जिसको भी रोजगार नहीं मिले, वह उसका लाभ उठा सके। इस तरह से हम पलायन रोक सकते हैं और लोगों को रोजगार भी दे सकते हैं, उनका पालन पोषण कर सकते हैं और समाज में जो असंतोष है, उसे भी समाप्त कर सकते हैं। सरकार ने इस दिशा में कदम उठाया है, यह बहुत ही सराहनीय है।

इस सरकार द्वारा राइट ऑफ इन्फॉर्मेशन का फैसला लिया गया। यहां पर भ्रष्टाचार की बात कही गई कि भ्रष्टाचार मिटाने का राष्ट्रपति के अभिभाषण में कोई जिक्र नहीं है। राइट ऑफ इन्फॉर्मेशन का फैसला करके इस सरकार ने ऐसे लोगों को एक बहुत बड़ा हथियार दिया है, जो बेसहारा थे, जो अपनी बात नहीं कह सकते थे, जिनको कोई जानकारी नहीं मिलती थी कि उनके साथ नाइंसाफी क्यों हो रही है, उनके साथ इस तरह का सलूक क्यों हो रहा है। आज हर आदमी को यह अधिकार है कि वह राइट ऑफ इन्फॉर्मेशन के अंतर्गत सभी तरह की जानकारी ले सकता है और उसके खिलाफ जहां भी वह मुनासिब समझे, चाहे अदालत या शासन का दरवाजा खटखटा सकता है। मैं समझता हूं कि यह अपने आप में एक बहुत ही महत्वपूर्ण फैसला है। उपसभाध्यक्ष महोदय, इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपको धन्यवाद देते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

प्रो. अलका क्षत्रिय (गुजरात) : धन्यवाद उपसभाध्यक्ष जी। राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर चर्चा शुरू करने से पहले मैं आपके माध्यम से उस क्रांतिकारी फैसले के बारे में, जिससे करोड़ों किसानों को राहत मिली है, उसके लिए सरकार को बधाई देना चाहती हूँ। महोदय, अभिभाषण का समर्थन करते हुए चर्चा शुरू करने से पहले मैं यह कहना चाहती हूँ कि यह एक ऐतिहासिक क्षण है। यह सत्र भी एक ऐतिहासिक सत्र है। भारतीय लोकतंत्र का जो इतिहास लिखा जा रहा है, इस इतिहास का यह पल एक श्रेष्ठ पल माना जाएगा, उसे सदैव याद रखा जाएगा कि इस देश के सर्वोच्च नागरिक के रूप में एक महिला को स्थान प्राप्त हुआ है और उसके सम्बोधन पर आज इस सदन में चर्चा हो रही है। आज देश के विभिन्न क्षेत्रों में जहाँ महिलाएँ कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं, वहीं पर हमारी यूपीए की अध्यक्षा, जो स्वयं भी एक महिला हैं, उन्होंने एक ऐसा सुअवसर इस देश को प्रदान किया है, जिस पर इस देश की सारी महिलाओं को बड़ा गर्व प्राप्त हो रहा है और हम भी मानने लगे हैं और पूरी दुनिया मानने लगी है कि भारत में नारी का सम्मान सर्वोच्च है। इसके लिए मैं यूपीए की अध्यक्षा माननीया सोनिया गाँधी जी का धन्यवाद करती हूँ। महोदय, राष्ट्रपति जी का अभिभाषण ... **(व्यवधान)** ... आप पहले सुन तो लीजिए, सुनने का धैर्य रखिए, आपकी भी बारी आएगी ... **(व्यवधान)** ...

चिन्ता मत कीजिए, आपकी भी बारी आ रही है ... (**व्यवधान**) ... उनकी भी बारी आ रही है, चिन्ता मत कीजिए।

महोदय, राष्ट्रपति जी का अभिभाषण एक ऐसा दस्तावेज है, जो दर्शाता है कि सरकार की सोच और दिशा व दशा क्या है। सदन में जिस अभिभाषण पर चर्चा हो रही है, उससे एक तथ्य तो स्पष्ट है कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने भारत को विश्व स्तर पर आर्थिक सत्ता बनाने के लिए उस दिशा में काफी महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। कदम उठाए हैं, इतना ही नहीं, बल्कि मैं तो यह कहना चाहती हूँ कि उनके चार वर्ष के कार्यकाल में भारत एक आर्थिक सत्ता के रूप में उभरा भी है। उपसभाध्यक्ष महोदय, इस अभिभाषण से यह तथ्य भी स्पष्ट हो रहा है कि इस सरकार के कार्य व योजनाओं के केन्द्र में आम आदमी और सर्वसमावेशी विकास सदैव ध्यान में रखा गया है। मैं यह भी कह सकती हूँ कि आर्थिक विकास का लाभ आम आदमी तक पहुँचे, इसके लिए हमारी सरकार पूर्णतः प्रतिबद्ध है। हमारे विपक्ष के मित्र हर बार सदन में चर्चा करते वक्त हम पर यह आरोप भी लगाते हैं और यह ज़िक्र करना भी कभी नहीं भूलते कि यह सरकार आम आदमी की सरकार के नाम पर सत्ता में आई है और मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं हो रहा है कि हाँ, यह आम आदमी के द्वारा आम आदमी के लिए आम आदमी की ही सरकार है। इसीलिए हमारी सरकार की हरेक योजनाओं में आम आदमी हमेशा केन्द्र में रहता है। जहाँ तक अगर मैं खास आदमी की बात करना चाहती हूँ, तो हमारे विपक्ष के कुछ खास लोग कुछ खास सोच के साथ कुछ खास आदमियों की बात करते हैं और हम पर यह ताना लगाते हैं। मैं समझती हूँ कि यह खास आदमी उन्हीं को मुबारक हो। इनके बारे में मैं ज्यादा कहना नहीं चाहती। उपसभाध्यक्ष महोदय, जहाँ तक आम आदमी का सवाल है, यूपीए सरकार ने आम आदमी के विकास को ध्यान में रखते हुए गाँवों व शहरों में अन्तर पाटने के लिए भारत निर्माण, शिक्षा के समान अवसर के लिए सर्व शिक्षा अभियान व मध्याह्न भोजन कार्यक्रम, ग्रामीण निर्धनों के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना के तहत पाँच लाख से ज्यादा स्वयं सहायता समूहों की मदद, असंगठित क्षेत्र के कामगारों के लिए सामाजिक सुरक्षा विधेयक 2007, साथ ही क्षेत्र के गरीबी रेखा के नीचे के प्रत्येक श्रमिक व उसके परिवार के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना, ग्रामीण भूमिहीन मजदूरों के लिए आम आदमी बीमा योजना ...। गरीबी रेखा के नीचे के वृद्धों के लिए पेंशन योजना जैसी अनेक विकास योजनाएं क्रियान्वित की गई हैं, जिसके बारे में हमारे काफी साथियों ने चर्चा की है। कृषि क्षेत्र के उत्तरोत्तर विकास के लिए ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना में चावल, गेहूं व दालों का उत्पादन बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन और राष्ट्रीय कृषि विकास योजना हमने बनाई है।

सुरक्षा के क्षेत्र में आतंकवाद व नक्सलवाद से निपटने के लिए पुलिस व सुरक्षा बलों के आधुनिकीकरण को हमने उच्च प्राथमिकता दी है। हमने ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए ब्लॉक व ग्राम स्तर पर पंचायत युवा खेल एवं क्रीड़ा अभियान लागू किए हैं। इतना ही नहीं हमने एससी, एसटी और ओबीसी के सशक्तिकरण के लिए भी बहुत जोर दिया है। अनुसूचित जातियों के लगभग 30 लाख बच्चों को हमने 900 करोड़ रुपये प्रदान किए हैं, जबकि अनुसूचित जनजाति के 10 लाख से अधिक बच्चों के लिए हमने 225 करोड़ रुपयों का प्रावधान भी किया है।

महोदय, हमारी यूपीए सरकार ने पंचायती राज को और भी अधिक शक्तिशाली बनाने का प्रयास किया है और इसके बारे में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इसका कारण है कि पंचायत ही वह ईकाई है जो आम आदमी के विकास का पहला दरवाजा है। गांव के विकास के लिए पंचायत एक दहलीज़ है। महोदय, आम आदमी के विकास के लिए उपयोगी इन महत्वपूर्ण योजनाओं के लिए इस पंचायत के सबसे बड़े मुखिया हमारे प्राइम मिनिस्टर डॉ मनमोहन सिंह जी को मैं बहुत धन्यवाद देती हूं और उनकी बहुत आभारी हूं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, इस अभिभाषण में विशेष रूप से कृषि क्षेत्र की चर्चा की गई है। यूपीए सरकार ने आम आदमी को ध्यान में रखते हुए कृषि व कृषकों की समस्याओं को गंभीरता से लिया है। हमारे राष्ट्रीय साझा न्यूनतम कार्यक्रम में हमने एक लक्ष्य रखा था कि तीन सालों के अंदर हम कृषि क्षेत्र के ऋण को दुगुना कर देंगे और मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि हम उस लक्ष्य को काफी पीछे छोड़ आए हैं। इसके अलावा

हमारी सरकार ने देश की रीढ़ की हड्डी समान किसानों के लिए भी काफी कुछ किया है, लेकिन इसके बारे में मुझे ज्यादा कुछ नहीं कहना है, क्योंकि आपने स्वयं ही देख लिया है कि सामान्य बजट में हमारी सरकार ने किसानों के लिए क्या कुछ किया है।

महोदय, इस सदन में किसानों की समस्या को लेकर कई बार चर्चा हुई है। हमारी सरकार में स्वयं हमारे प्रधान मंत्री जी ने काफी क्षेत्रों का दौरा भी किया है और इसके लिए विशेष राहतों की घोषणा भी की है। उन्हें राहत प्रदान करने के काफी प्रयास किए गए हैं और उसके परिणाम धीरे-धीरे दिख भी रहे हैं, लेकिन मैं कहना चाहती हूं कि मर्ज बहुत पुराना है, इसलिए दवा का असर भी धीरे-धीरे ही होगा।

राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर कल से जो चर्चा हो रही है, उसके बारे में मैं कहना चाहती हूं कि सभी के द्वारा किसानों की समस्याओं पर गहरी चिंता जताई जाती है। हमारे विपक्षी दल के प्रमुख श्री राजनाथ सिंह जी ने भी उनके लिए काफी चिंता जताई है। मैं मानती हूं कि चिंता करना बड़ी अच्छी बात है और चिंता करनी भी चाहिए। इस देश के किसानों की चिंता यदि हम लोग नहीं करेंगे तो कौन करेगा? राजनाथ सिंह जी स्वयं को एक किसान नेता बताते हैं और एनडीए सरकार के राज्य में वह कृषि मंत्री भी रह चुके हैं। मैं उनसे कुछ कहना भी चाहूंगी, हालांकि वह आज यहां पर हाजिर नहीं हैं, लेकिन उनके साथी यहां पर हैं और वे मेरा संदेश उन तक जरूर पहुंचाएंगे, इसलिए यह बात मैं उनसे कहना चाहती हूं। जैसे कि मैंने पहले भी कहा कि मर्ज बहुत पुराना है और इसको समझना होगा। कोई भी किसान या कोई आम आदमी मौत को आसानी से कभी-भी गले नहीं लगाता है। एक साल, दो साल या तीन साल तक भी अगर फसल खराब होती है या कर्ज होता है तब भी वह कभी आत्महत्या नहीं करता है, लेकिन जब मर्ज पुराना होता है और जब उसका कर्ज बढ़ता जाता है, तभी वह किसान आत्महत्या करता है। इसीलिए मैं यह बात बहुत गहराई से कहना चाहती हूं और यह बात मैं इसलिए कहना चाहती हूं क्योंकि मैं स्वयं एक कोऑपरेटिव बैंक चलाती हूं और मुझे मालूम है कि ऋण की अदायगी किस तरह से की जाती है एवं उसका क्या तरीका होता है ...(**व्यवधान**)...। एक दिन में कोई नहीं करता। आपको जवाब देना ही है। मैं आपका जवाब भी माँगूंगी। इसलिए मैं कह रही हूँ कि एन.डी.ए. की सरकार के दौरान कृषि मंत्री रहे राजनाथ सिंह जी ने जो चिन्ता की एक लकीर खींची है, उस की ओर मैं सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहती हूँ कि क्या पूर्व मंत्री होने के नाते ये खुद इसके लिए जिम्मेदार नहीं हैं? क्या वे अपनी जिम्मेदारी को स्वीकार करते हैं? अगर ये इस बात को स्वीकार करते हैं, तो उनको इस सदन में स्वीकार करना चाहिए कि अपने कार्यकाल में किसानों के लिए कार्य करने में वे अक्षम साबित हुए। इस बात को स्वीकार करने में उन्हें कोई संकोच नहीं होना चाहिए। यह बात मैं इस सदन के माध्यम से कह रही हूँ।

महोदय, इतना ही नहीं, गुजरात में अभी हाल ही में चुनाव हुए और गुजरात में इन्हीं की पार्टी की सरकार बनी, लेकिन बहुत कम समय में गुजरात के आदिवासियों पर सरकार की पुलिस ने गोली-बारी की और दो आदिवासियों को मार दिया। मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहती हूँ कि सरकार इतनी जल्दी बैलेट से बुलेट पर कैसे पहुँच गई? ऐसी क्या परिस्थिति आई कि इतनी कम समय में सरकार बैलेट से बुलेट पर पहुँच गई और उसे आदिवासियों पर गोली चलानी पड़ी, जब कि हमारी सरकार अगर किसानों को राहत प्रदान करती है, तो उनके पेट में दर्द होने लगता है। वे कहते हैं कि यह कैसे किया? यह कहाँ से लाएँगे? इसका जवाब हमसे माँग रहे हैं ये लोग।

महोदय, मैं अपनी आखिरी बात कहने से पहले एक बात कहना चाहूँगी। अरुण जी ने एक सवाल उठाया था, मैं उसके बारे में कुछ कहना चाहूँगी। उन्होंने हमारी नेता की सक्षमता के बारे में प्रश्न उठाया था। मैं उनसे कहना चाहती हूँ कि कांग्रेस की, हमारी अध्यक्षा सोनिया जी ने India Shining की उनकी पोल खोल कर जिस तरह आपकी पार्टी को सत्ता से बाहर कर दिया, सत्ता से खारिज कर दिया और आपको अक्षम बना दिया, क्या इसके बाद भी हमारी नेता की सक्षमता के बारे में आप सवाल उठाना चाहते हैं? यह खुद इस बात के सवाल का जवाब है कि आज आप कहाँ पहुँच गए हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्री रुद्रनारायण पाणि : अलका जी, प्रधान मंत्री जी आपके पीछे बैठे हैं ...(**व्यवधान**)...

प्रो0 अलका क्षत्रिय : प्रधान मंत्री जी हैं, वह मैं जानती हूँ ...**(व्यवधान)**... मुझे जहाँ प्रधान मंत्री जी का नाम लेना है, मैं ले भी रही हूँ। आप चिन्ता आप मत करिए ...**(व्यवधान)**... सवाल जिसके बारे में उठाया गया था, जवाब भी उसी के बारे में दिया जाएगा ...**(व्यवधान)**...

महोदय, मैं अब आखिरी बात कहना चाहती हूँ। वह आखिरी बात यह है कि जो बात मैंने पहले दोहराई, उसी पर आ रही हूँ। मैं आम आदमी के बारे में बात कर रही हूँ। 'कांग्रेस ने आम आदमी का नारा दिया और सत्ता हासिल की' यह बार-बार कहा जाता है। मैं इसी बात पर वापस आ रही हूँ। मैं कहना चाहती हूँ कि हमने तो 'आम आदमी' का नारा दिया, तो हम 'आम आदमी' की बात कर रहे हैं। लेकिन, हमारे विपक्ष के मित्र तो भगवान राम की बात कर रहे हैं, उसकी चिन्ता कर रहे हैं, उस भगवान राम की, जो सारे जगत का ~~कल्याण~~ है। यह खुद इतना सक्षम है, उसकी चिन्ता ये लोग कर रहे हैं। मैं कहना चाहती हूँ कि अगर उन्होंने भगवान राम के बजाए भगवान राम के भक्तों की चिन्ता की होती, तो 2002 में गुजरात के अन्दर राम-भक्तों को जिन्दा नहीं जलाया जाता। उनको बचाने में इनकी सरकार नाकाम रही थी। अगर यह नाकामी है, तो इनकी सरकार की नाकामी है, राम भक्तों को बचाने में नाकामी। इसका जवाब इनको देना चाहिए। बजाय इसके, ये राम की चिन्ता कर रहे हैं। मैं आपको यह बताना चाहती हूँ कि ये राम की चिन्ता कर रहे हैं। राजनाथ जी कल बड़ी चिन्ता कर रहे थे। इनकी चिन्ता से तो मुझे यह लग रहा था कि भगवान राम का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है। इस कलयुग के अन्दर विपक्षी दल भगवान राम को तो अक्षम मानने लगा है और खुद अपने आपको काफी सक्षम समझने लगा है। क्या यही उनकी सक्षमता है? इनकी बात से मुझे यह समझ में नहीं आ रहा है। उन्होंने भगवान राम के अस्तित्व पर खतरा महसूस किया है, हमारी आस्था पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। मैं बताना चाहती हूँ कि आप जितने राममक्त हैं, उससे कहीं बढ़ कर हम भी राम के भक्त हैं और इसीलिए हम राममक्तों के लिए, इस देश के आम लोगों के लिए काम करते हैं। ...**(व्यवधान)**... देख लीजिए, हम तो जीत ही गए। ...**(व्यवधान)**... परिणाम बतलाएगा ...**(व्यवधान)**... परिणाम बताएगा ...**(व्यवधान)**... हम आपके जैसे खास लोगों की चिन्ता नहीं करते ...**(व्यवधान)**...

श्री शाहिद सिद्दिकी : मस्जिद आपने तुड़वायी थी ...**(व्यवधान)**... मन्दिर आप बनवाएँगे? ...**(व्यवधान)**..

†[ ]شری شاہد صدیقی : مسجد آپنے تڑوائی تھی۔مداخلت۔ مندر آپ بنوائیں گے

۔مداخلت۔]†

श्री सुरेन्द्र लाठ : आप किसका समर्थन कर रही हैं? ...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (प्रो0 पी0जे0 कुरियन) : आप बैठिए।

श्री सुरेन्द्र लाठ : आप इस इश्यू पर प्रश्न-चिह्न लगा रहे हैं, अपने को राम भक्त कह रहे हैं? ...**(व्यवधान)**...

प्रो0 अलका क्षत्रिय : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आप के माध्यम से इनसे पूछना चाहती हूं कि आप जिस खास आदमी की बात कर रहे हैं, अगर किसी खास आदमी के घर पर कोई पत्थर फेंक दिया जाता है या उसके घर का शीशा तोड़ दिया जाता है तब तो आप पूरे देश में हल्ला मचा देते हैं, लेकिन जब आपकी सरकार के राज निठारी में निठारी के अंदर आम आदमी के बच्चों को मारा गया तब तो आपको यह सामान्य बात लगी थी। तब आपने कोई हल्ला नहीं मचाया था। अब आप बात कर रहे हो खास आदमी की। मैं उन खास लोगों की बात नहीं कर रही हूं ..**(व्यवधान)**... मैं आम आदमी की बात कर रही हूं। ...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष : सिद्दिकी जी, बैठिए।

श्री शाहिद सिद्दिकी : उसे बचाने में आप लगे हो। ...**(व्यवधान)**...

شری شاہد صدیقی : اسے بچانے میں آپ لگے ہو ۔مداخلت۔

---

†[ ]Transliteration in Urdu Script.

प्रो0 अलका क्षत्रिय : मैं यहां आम आदमी की बात करने के लिए खड़ी हुई हूं। ...(व्यवधान)...

उपसभाध्यक्ष (प्रो.पी. जे. कुरियन): आप बैठिए। Please conclude. Do not go into controversies.

प्रो0 अलका क्षत्रिय : मैं फिर से कहना चाहती हूं कि राम के अस्तित्व के बारे में ये लोग सवाल उठा रहे हैं। ...(व्यवधान)...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Mr Siddiqui, please allow her to complete.

प्रो0 अलका क्षत्रिय : सर, मैं जब इसके बारे में सोचती हूं ...(व्यवधान)...

श्री शाहिद सिद्दिकी : इस ख़ास आदमी का नाम लें ...(व्यवधान)...

†[شری شاہد صدیقی : اس خاص آدمی کا نام لیں ۔مداخلت۔]†

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): अरे, आपका नाम बुलाया जाएगा। Mr Siddiqui, you can reply. Your turn is coming.

प्रो0 अलका क्षत्रिय : उपसभाध्यक्ष महोदय, मुझे यह नहीं मालूम पड़ रहा ...(व्यवधान)... मैंने किसी का नाम तक नहीं लिया, किसी को कोट नहीं किया, फिर भी इनके पेट में दर्द क्यों हो रहा है? ...(व्यवधान)... इनको फिर भी दर्द हो रहा है।

उपसभाध्यक्ष (प्रो.पी. जे. कुरियन): अलका जी, conclude कीजिए।

प्रो0 अलका क्षत्रिय : जब मैं इसके बारे में सोचने बैठती हूं और जब ये लोग राम के बारे में बात करते हैं, तब मुझे लगता है कि भगवान राम पर तो खतरा नहीं है, पर भगवान राम का राजनीतिकरण करने वाले का अस्तित्व जरूर खतरे में है और इसीलिए इनको चिंता हो रही है। लेकिन मैं इनको बताना चाहती हूं की "काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती।" एक समय था जब आप बताते थे कि मंदिर बनेगा, यहीं बनेगा। फिर समय चलते आपने कहा कि मंदिर बनेगा, यहीं-कहीं बनेगा और बाद में आपने बता दिया कि ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): No please. Why are you interrupting? Do not make comments. You can reply. ...*(Interruptions)*...

प्रो0 अलका क्षत्रिय : मंदिर नहीं बनेगा। यह तो हमारे एजेंडे में ही नहीं है। अब आपका एजेंडा जिस तरह से बदलता है, उसे देखकर मैं क्या कहूं? यह मेरी समझ में नहीं आता कि इतनी जल्दी आप अपना एजेंडा क्यों बदल रहे हो? आप बार-बार राम मंदिर और राम सेतु की बात कर रहे हो, लेकिन मैं आपको याद दिलाना चाहती हूं कि भा0ज0पा0 सदैव राम मंदिर और राम सेतु के मुद्दे को लेकर इस देश के करोड़ों लोगों की श्रद्धा व आस्था के साथ खिलवाड़ कर रही है। इस देश की एकता और अखंडता के साथ भी खिलवाड़ कर रही है, लेकिन इतिहास गवाह है कि जब-जब धर्म का राजनीतिकरण हुआ है, जब-जब धर्म को राजनीति का मोहरा बनाया गया है तब-तब विनाश ही विनाश हुआ है और हमारे दोस्त उस विनाश को बुला रहे हैं। भगवान इनको बख्श दे। (समाप्त)

उपसभाध्यक्ष (प्रो.पी. जे. कुरियन): थैंक्यू। श्री शाहिद सिद्दिकी।

श्री शाहिद सिद्दिकी : सर, धन्यवाद। राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के समर्थन में आउट-साइड सपोर्ट की बात जैसे येचुरी जी ने कही थी, मैं भी आउट-साइड सपोर्ट प्रदान कर रहा हूं। राष्ट्रपति जी ने सबसे महत्वपूर्ण बात inclusive growth की कही, लेकिन इस inclusive growth की पोल अर्जुन सेनगुप्ता रिपोर्ट ने खोल दी। उन्होंने किसानों की inclusive growth, आम आदमी की inclusive growth की बात की, लेकिन किस तरह से इस देश के 75 प्रतिशत से ज्यादा लोग 20 रुपए रोज पर गुजारा करने पर मजबूर हैं, यह इन्हें पता नहीं है। इस inclusive growth की असलियत को सच्चर कमेटी ने खोल दिया है कि किस तरह से 60 सालों में मुसलमानों को इस ग्रोथ से बाहर रखा गया है, उन्हें 60 साल से इस देश के डवलपमेंट से बाहर

†[ ]Transliteration in Urdu Script

रखा गया है। सच्चर कमेटी ने इस inclusive growth की पोल पूरी तरह से खोल दी। किसानों को विकास से किस तरह से बाहर रखा गया, इसकी पोल स्वामीनाथन कमेटी ने खोल दी। आपके ही बनाए गए कमीशनों ने आपकी पोल खोल दी कि किस तरीके इस देश में uneven growth हुई है। जो डवलपमेंट हुआ है, उस में किसी को भी बराबरी की हिस्सेदारी नहीं मिली है, चाहे वे किसान हैं, चाहे मुसलमान हैं, चाहे गरीब हैं, चाहे महिलाएं हैं और चाहे आम आदमी है, सब को आप ने बाहर रखा है, वंचित रखा है। कुछ लोगों की ग्रोथ हुई है। सब को आपने बाहर रखा है, वंचित रखा है। कुछ लोगों की ग्रोथ हुई है, इसलिए इनक्ल्यूजिव ग्रोथ की बात कम से कम आपकी सरकार न करे, तो ज्यादा अच्छा होगा।

महोदय, किसानों की बात की गई है। हम इस पर तफसील में बजट पर चर्चा के दौरान बात करेंगे, लेकिन मैं एक बात कहना चाहता हूँ कि जिस तरह से किसानों को ठगने की कोशिश हो रही है, उसका खामियाजा पूरे समाज को भुगतना पड़ेगा। मुझे और आपको नहीं, खाली सरकार को नहीं, क्योंकि आपने उन लोगों की उम्मीदें इतनी बढ़ा दी हैं जो अपने बच्चों को बेचने पर मजबूर हैं, उन लोगों की जो अपनी जान दे रहे हैं, जो जानते हैं कि उनकी शाम की रोटी का पता नहीं, कल को उनके तन पर कपड़ा होगा या नहीं, उनकी उम्मीदें आपने बढ़ा दी हैं और आप यह जानते हैं कि आप उनकी उम्मीदें पूरी करने वाले नहीं हैं। तो यह जो किसानों के साथ धोखा है, इस पर जेटली जी ने बड़ी अच्छी तरह से रोशनी डाल दी है, इसलिए मैं तफसील में नहीं जाऊंगा, लेकिन मैं इतना कहना चाहूंगा कि जो आप बाजार भाव की बात करते हैं, तो किसानों को उनके अनाज का बाजार भाव क्यों नहीं देते हैं? उनके अनाज पर आप क्यों कंट्रोल रखते हैं, जबकि हर चीज किसान बाजार भाव से खरीदता है, वह अपना कपड़ा खरीदता है बाजार भाव से, खाद खरीदता है बाजार भाव से, तेल खरीदता है बाजार भाव से? बाजार के भाव बढ़ते चले जा रहे हैं, आसमान पर जा रहे हैं, आप खुद कहते हैं कि पेट्रोल के दाम बढ़ाने पर मजबूर हैं, क्योंकि दुनिया में तेल के दाम बढ़ गए हैं। क्या दुनिया में गेहूं के दाम नहीं बढ़े हैं? अगर दुनिया में गेहूं के दाम बढ़े हैं, तो वह आप मेरे किसान को क्यों नहीं देते हैं? आप अमरीका को, इंग्लैंड को, वॉलनॉट को, सबको दुनिया के भाव देने को तैयार हैं और हमारे बहुत बड़े-बड़े इकोनोमिस्ट जो इस देश को चला रहे हैं, वे इकोनोमिस्ट जानते हैं कि ग्लोबल इकोनोमी क्या है, ग्लोबल मार्केट क्या है, लेकिन किसान को आप वह दाम देने को तैयार नहीं हैं, किसान की प्रोडक्ट के दाम पर आप कंट्रोल रखते हैं। मैं आपसे कहना चाहता हूँ कि जब तक किसान की जो प्रोडक्ट है, उसमें उन्हें मुनाफा नहीं मिलेगा, उसके मसले का हल नहीं होगा। यही हमारी डिमांड थी, इसीलिए हमने आवाज उठाई। आपने किसान को इस तरह से कर दिया है कि वह भूखा है, खाने को नहीं है, बच्चों के खाने को नहीं है और आपने उसकी बहुत भारी दावत कर दी, उस दावत में आपने बहुत सजा दिया कि पूड़ियां, हलवे खाओ, पेट भर कर खाओ एक दिन। अब अगर वह एक दिन खाएगा, तो वह एक दिन खाकर बीमार हो जाएगा, अगले दिन क्या करेगा? उसके अगले दिन का आपने इंतजाम नहीं किया। आप एक आदमी को पेट भर कर एक दिन, दो दिन खिला दो, उससे काम नहीं बनता। उसका, किसान का भविष्य क्या होगा, इसके लिए सरकार ने कोई पॉलिसी नहीं बनाई। इस पर तो तफसील में बजट पर बात होगी, मगर एक और बुनियादी मुद्दे पर मैं आना चाहता हूँ, जिस मुद्दे को आप मुसलसल अंडर द कारपेट खिसकाते जा रहे हैं और वह है इस देश की माइनोरिटीज का सवाल।

महोदय, आपने सच्चर कमेटी बनाई, उसकी रिपोर्ट आई और उस रिपोर्ट पर बार-बार मांग के बावजूद यहां पर बहस नहीं हुई। जस्टिस रंगनाथ मिश्र की रिपोर्ट आई, उस पर आपने हाऊस में बहस नहीं कराई। सवाल यह है कि आप सर्वशिक्षा अभियान चला रहे हैं, आपकी जवाहर रोजगार योजना है, आपकी इंदिरा आवास योजना हैं, ढेरों योजनाएं आप लंबे अरसे से, साठ वर्षों से चला रहे हैं, तरह-तरह की योजनाएं कुछ लोगों के नाम से चलती रहती हैं, लेकिन उसमें आपने माइनोरिटीज को कोई हिस्सा नहीं दिया। यह हिस्सा क्यों नहीं मिला? ...(व्यवधान)... हिस्सा दिया होता, तो आज सच्चर यह न कहते, जो उन्हें कहना पड़ रहा है। आपने दो प्रतिशत भी हिस्सा नहीं दिया। मेरे पास बहुत सारे आंकड़ें मौजूद हैं, सारे आंकड़े सच्चर के दिए हुए हैं। अगर इसे पढ़ना शुरू करुंगा, तो बहुत समय लगेगा। मेरे कहने का मकसद यह है कि इन्क्ल्यूजिव ग्रोथ में आपने इनको कहीं शामिल नहीं किया है और इसकी वजह है, मैं आपकी नीयत पर शक नहीं कर रहा हूँ, आपकी इंटेंशन्स अच्छी हो सकती हैं, लेकिन असल में इस देश में जो प्रोब्लम रही है, वह

इंटेंशन्स की नहीं, इंप्लीमेंटेशन की रही है। इंटेंशन्स अच्छे होते हैं, बंगाल में सरकार है, उसके इंटेंशन्स अच्छे रहे, बहुत सेकुलर सरकार है, मगर बंगाल में माइनोरिटीज की, खासतौर से मुसलमानों की हालत बहुत खराब है। उत्तर प्रदेश, बिहार में भी हालत अच्छी नहीं है। तो इस पर मैं प्रधान मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि आप इस पर गौर कीजिए कि क्यों इन अच्छे इंटेंशन्स का इंप्लीमेंटेशन नहीं हो पाता है? मैं आपके सेकुलर इंटेंशंस पर डाउट नहीं कर रहा, लेकिन असल प्राब्लम पर हम नहीं जाते हैं। असल प्राब्लम इम्प्लिमेंटेशन की है और इम्प्लिमेंटेशन में ब्यूरोक्रेसी का जो रोल है, वह रोल बहुत नकारात्मक रहा है, बहुत निगेटिव रहा है और मुझे लगता है कि डेलिब्रेट उनका ऐसा रोल रहा है कि अक़लियतों तक, खास तौर पर मुसलमानों तक उनका हिस्सा और हक न मिले। आज जब बड़ी-बड़ी बात हो रही है और यह कहा जा रहा है कि 90 जिले हमने मुन्तखिब किए हैं, मेरे साथियों को आपने एक हथियार भी दे दिया है, माइनॉरिटीज़ पर हमला करने का और यह कहने का कि उनका बहुत बड़ा तुष्टिकरण हो रहा है, तो मैं इनसे कहना चाहूंगा कि 60 बरस से यह तो यही ऐलान कर रहे हैं, क्या 60 बरस में मुसलमानों का कोई भला हुआ, अगर नहीं हुआ तो आपको क्यों परेशानी हो रही है। अभी भी नहीं होने वाला, न पहले हुआ था, न अब होने वाला है, क्योंकि इनके इंटेशंस हमेशा यह रहे हैं कि सिर्फ दिखावा करो। हमें अगर इन पर ऐतबार होता, ग़ालिब का शेर है *'खुशी से मर न जाते, अगर ऐतबार होता'*, तो हमें तो ऐतबार नहीं है, अगर ऐतबार होता तो हम तो यहीं मर जाते खुशी से कि ये वाकई पूरा करने वाले हैं। तो इनका इरादा न पहले था, न आज है, न ईमानदारी से पहले किया था, न आज ईमानदारी से ...**(व्यवधान)**...

श्री तारिक अनवर : आप दोनों बातें कर रहे हैं। ...**(व्यवधान)**...

श्री शाहिद सिद्दिकी : तारिक भाई, एक ...**(व्यवधान)**...

श्री रुद्रनारायण पाणि : ज्यादा गलत नहीं है, लेकिन सही भी नहीं है। ...**(व्यवधान)**...

श्री राजीव शुक्ल (महाराष्ट्र): आप तो खुद कह रहे हैं कि नीयत अच्छी है, तो फिर आगे बोलने की जरूरत ही क्या है। ...**(व्यवधान)**...

श्री शाहिद सिद्दिकी : सुनिए तारिक भाई, एक होता है इन्डिविज्युअल इंटेंशन, इन्डिविज्युअल इंटेंशन मनमोहन सिंह जी का बहुत नेक है, बहुत सेकुलर है, ...**(व्यवधान)**... क्लेक्टिव नहीं, क्लेक्टिव जो होता है, क्लेक्टिव इंटेंशन आप भी जानते हैं ...**(व्यवधान)**...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Mr. Siddiqui, you address the Chair. Please address the Chair.

श्री शाहिद सिद्दिकी : इन्डिविज्युअल इंटेंशंस बहुत अच्छे हैं, लेकिन कलेक्टिव इंटेंशंस गलत रहे हैं, अगर न होते तो 60 बरस में यह हश्र न होता, जो आज 'सच्चर' कह रहे हैं।

